दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 336 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लंबी- लंबी छोड़ने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाकई नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं।ऐसे - ऐसे शिगूफे छोड़ते हैं कि सारी दुनिया पागल हो जाती है। अब इस सर्किट ने नई पुड़िया छोड़ी है कि ईरान के लोग तो उन्हें खामनेई की जगह अपना सुप्रीम लीडर बनाना चाहते थे लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया था। ऐसा ठरकी जो सोचता कुछ है, करता कुछ है और होता कुछ है उसे तो कोई देश अपने यहां चपरासी भी न बनाएं। इतनी बड़ी डिंग डोनाल्ड ट्रंप जैसा सिरफिरा ही हांक सकता है क्योंकि औंधी खोपड़ी का आदमी कुछ भी कर सकता है।

अनमोल खजाना उपेक्षित: अलेक्जेंडर पत्थर से रत्नगर्भा गरियाबंद के विकास की उम्मीद

जीवन एस. साहू/गरियाबंद

जिले के देवभोग विकासखंड में स्थित सेनमुड़ा गांव की धरती देश-विदेश में प्रसिद्ध बेशकीमती अलेक्जेंडर (अलेक्जेंड्राइट) पत्थर के प्रचुर भंडार के लिए जानी जाती है। यह दुर्लभ रत्न दुनिया में मुख्य रूप से रूस और ब्राजील में पाया जाता है, जबकि भारत में छत्तीसगढ़ के देवभोग क्षेत्र (सेनमुड़ा और लाटापारा) में इसका महत्वपूर्ण भंडार है। सन् 1988 में इसकी खोज के बाद क्षेत्र सुर्खियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संसद में उठा मामला

- छत्तीसगढ़ में बेशकीमती अलेक्जेंडर पत्थर की खदान अब भी उपेक्षित
- राज्य शासन ध्यान दें तो गरियाबंद का पिछड़ा क्षेत्र तरक्की करेगा
- भाजपा की सरकार से गरियाबंद के लोगों को उम्मीद, कीमती पत्थर बदलेगी लोगों की किस्मत

नव प्रदेश विशेष

पत्थर की जांच करने टीआई गए थे कोलकाता

पकड़े गए पत्थरों की जांच के लिए थाना प्रभारी स्वयं कोलकाता गए। 19 जून 1989 को कलकत्ता की पेट्रोलॉजी लैब में जांच कराई गई, जिसमें पुष्टि हुई कि ये असली अलेक्जेंडर हैं। यह पत्थर खून जैसे लाल रंग का होता है और प्रकाश के अनुसार नौ विभिन्न रंगों में बदल जाता है। कलकत्ता के अखबार 'विश्वामित्र' ने भी इस खोज की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

तार से क्षेत्र को घेर दिया

वर्तमान में सेनमुड़ा की 50 डिसमिल जमीन, जहां अलेक्जेंडर मिला था, को 38 वर्ष पहले खनिज विभाग ने 12 फीट ऊंची कांटेदार तारों से घेर दिया था। आज वहां घास-फूस उग आया है। जमीन मालिक सहदेव गोंड़ की 30 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उनकी जमीन अब चार पुत्रों — प्यारेसिंग, बलीयारसिंग, प्यारीलाल और चिल्हरसिंग — के नाम पर है, लेकिन उन्हें अब तक कोई मुआवजा नहीं मिला। लाटापारा गांव में भी अलेक्जेंडर के संकेत पर कुछ एकड़ भूमि को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसकी देखरेख गांव के कोटवार पर छोड़ दी गई है।

एक कोटवार के भरोसे सुरक्षा

बारिश के मौसम में तेल नदी में बाढ़ आने पर रास्ते बंद हो जाते हैं। तस्कर इसी का इंतजार करते हैं। ओडिशा के तस्कर धरमगढ़ और मोटेर रास्ते से दोपहिया वाहनों पर आसानी से पहुंचकर गांव के 10-15 ग्रामीणों की मदद से अवैध खुदाई कराते हैं। एक बार खुदाई शुरू हो जाने पर पुलिस-प्रशासन भी रोक नहीं पाता। शासन ने इस बेशकीमती खदान की सुरक्षा मात्र एक कोटवार के भरोसे छोड़ रखी है, जो समझ से परे है।

खनिज के दोहन से होगा क्षेत्र का बेहतर विकास

आजादी के दशकों बाद भी देवभोग के निवासियों को गरीबी, पिछड़ापन और भूखमरी से मुक्ति नहीं मिली। भाजपा सरकार से अब उम्मीद है कि वह 'वेट एंड वॉच' की नीति छोड़कर अपार खनिज संपदा का दोहन कर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी। जमीन मालिकों को उचित मुआवजा, स्थानीय युवाओं को रोजगार और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर इस पिछड़े इलाके को धन-धान्य से भरपूर बनाया जा सकता है।

केंद्र सरकार से राहत : कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था

पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटी, दाम नहीं बढ़ेंगे

नई दिल्ली/ए.। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती कर दी है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए, जबकि डीजल पर 10 रुपए से शून्य कर दी गई है। एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है।

यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं। एक्साइज ड्यूटी कटौती से सरकार का हर दिन का राजस्व करीब 416 करोड़ रुपए घट जाएगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं होंगे: एक्साइज ड्यूटी घटाने से पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं होंगे। पेट्रोल-डीजल के रिटेल रेट सीधे सरकार तय नहीं करती। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल कंपनियां कच्चे तेल की कीमत और अपने मुनाफे के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लॉकडाउन की अफवाह से आफत?

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट की वजह से देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। सरकार के 3 बड़े मंत्री निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने बयान जारी किए। कहा कि ये सिर्फ अफवाहें हैं। रिजिजू ने कहा है कि हालात काबू में हैं। पीएम मोदी खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कहा कि डर का माहौल न बनाएं। सरकार का लॉकडाउन लगाने का कोई इरादा नहीं है। दरअसल, लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के चार दिन पहले संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुई थीं। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। इधर, केंद्र ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी का गठन किया है।

कोई अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा

डीजल को एक्साइज ड्यूटी से मुक्त कर देना और पेट्रोल पर भी 10 रुपये की कटौती कर एक्साइज ड्यूटी को मात्र 3 रुपये प्रति लीटर कर देने का केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों को सीधे राहत पहुंचाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस निर्णय से देश के प्रत्येक परिवार, किसान, श्रमिक एवं मध्यमवर्ग को व्यापक राहत मिलेगी। इससे इस ग्लोबल संकट के बीच भी उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा।

- **विष्णु देव साय**, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की, बोले- 'वो एक ऐसे नेता, जो काम पूरा करके दिखाते हैं'

दिल्ली (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की है। ट्रंप ने मोदी को ऐसा नेता बताया जो 'काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं'। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है और भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। दरअसल, भारत में अमेरिकी दूतावास ने ट्रंप के बयान को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। इसमें कहा गया कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध शानदार हैं और भविष्य में और मजबूत होंगे। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी और वह दोनों ऐसे नेता हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। ईरान विवाद और होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत और अमेरिका के बीच लगातार बातचीत जारी है। गौरतलब है कि बीते दिनों ट्रंप और पीएम मोदी के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली का समर्थन करता है और होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित और खुला बनाए रखना वैश्विक हित में है। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने और शांति के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई है।

फोर्स का दबाव: कांकेर में 19 नक्सलियों के सरेंडर की तैयारी

- एसीएम रेड्डी, डीवीसीएम चंदर कतलाम भी शामिल, अब नक्सल मुक्त होगा जिला

पखांजूर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आ रही है। नक्सल उन्मूलन अभियान अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां अब सिर्फ4 दिन के भीतर जिले को पूरी तरह नक्सलमुक्त घोषित किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच 19 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की तैयारी ने सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता की दहलीज पर ला खड़ा किया है। पखांजुर क्षेत्र में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका लगने वाला है। मिली जानकारी के मुताबिक, एसीएम रूपी रेड्डी और डीवीसीएम चंदर कतलाम समेत कुल 19 नक्सली आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। ये सभी नक्सली कंपनी नंबर 5 और परतापुर एरिया कमिटी से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं।

मोहला-मानपुर-औंधी एरिया कमेटी नक्सल मुक्त: इन पांच नक्सलियों के आत्मसमर्पण के साथ ही मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी का पूरी तरह सफाया हो गया है। यह क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से मुक्त घोषित किया जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में विकास कार्यों और जनविश्वास बहाली को तेजी देगा। यह इलाका कभी लाल आतंक के साये में था।

उड़काटोला जंगलों से निकले हथियारबंद नक्सली

नक्सल मोर्चे पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के घने जंगलों और सीमावर्ती ग्रामों में फैला 40 वर्षों का लाल आतंक आखिरकार समाप्त हो गया है। उड़काटोला जंगलों से आरकेबी डिवीजन कमेटी के पांच सशस्त्र नक्सली हथियारों सहित आत्मसमर्पण के लिए कांकेर एसपी कार्यालय की में सरेंडर कर चुके हैं। इस महत्वपूर्ण कदम को क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

न्यूज गैलरी

श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 6 की मौत

नई दिल्ली/ए.। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में कई गाड़ियां 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गईं। हादसे में 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है।

नौकरी के नाम पर युवतियों से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में युवतियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर और आत्मानंद स्कूल में टीचर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी की थी। युवक ने ठगी के पैसों से कार भी खरीदी थी। मामला पटना थाना क्षेत्र का है।

पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत

कौशांबी/नवप्रदेश। कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। सभी प्रयागराज से मुंडन कराह्यकर अपने घर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि घायल पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरे। काफी देर तक जमीन पर पड़े तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को फोन किया और घायलों को संभाला। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

महासमुंद में पकड़ाया 1.25 करोड़ का गांजा

- तरबूज के नीचे बोरियों में छिपाया था, ओडिशा से ले जा रहे थे मध्य प्रदेश, 6 लोग गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 25 किलो गांजा के साथ 6 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्कर पिकअप वाहन में तरबूज के नीचे प्लास्टिक की बोरियों में गांजा छुपाकर ले जा रहे थे। इसके साथ ही एक अलग कार से 'पायलटिंग' कर मुख्य वाहन को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से गांजा लाया जा रहा है। इस सूचना पर एनएच-53 स्थित रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद एक हुंडई कार और उसके पीछे आ रहे पिकअप वाहन को रोका गया। तलाशी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जम्मू-कश्मीर विस में भाजपा-कांग्रेस विधायकों में हाथापाई

श्रीनगर/ए.। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओ ने खामेनेई के पोस्टर भी लहराए। इस बीच, सदन में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच धक्का-मुक्की का भी वीडियो सामने आया। हालांकि, ये विवाद भाजपा नेताओं के राहुल पर कमेंट को लेकर था।

आरटीई सीटों में कमी पर हाईकोर्ट सख्त

- 85 हजार से 55 हजार सीटों तक कैसे पहुंचा आंकड़ा? कोर्ट ने उठाए सवाल, सरकार से मांगा स्पष्ट जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार के तहत आरक्षित सीटों में कमी और निजी स्कूलों की अनियमितताओं को लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत हलफनामे में कई विरोधाभास पाए और स्कूल शिक्षा विभाग को सभी बिंदुओं पर विस्तृत और स्पष्ट जवाब देने के निर्देश दिए। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निजी स्कूलों की अनियमितताओं का उठा मुद्दा

सुनवाई के दौरान निजी स्कूलों की अनियमितताओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। नारायणा टेक्नो स्कूल और ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों पर सीबीएसई संबद्धता का गलत दावा कर अभिभावकों को भ्रमित करने, पूरे साल होम एग्जाम लेने के बाद अचानक बोर्ड परीक्षा के लिए मजबूर करने और मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने के आरोप लगे। कोर्ट को यह भी बताया गया कि जो अभिभावक इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है। इस पर कोर्ट ने चिंता जताते हुए इसे गंभीर मामला माना।

गरमा-गरम

चैत्र नवरात्रि: बगिया में मां दुर्गा की स्थापना, मां दुर्गा स्वरूप नव कन्याओं को मुख्यमंत्री ने कराया भोजन

नव कन्याओं के सामने सीएम साय ने झुकाया शीश, मांगा आशीष

जशपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह निवास बगिया में चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी के पावन अवसर पर परिवार सहित विधि-विधान से मां दुर्गा कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने बगिया में धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ मां दुर्गा स्वरुप नन्हीं नव कन्याओं को भोजन कराया

मुख्यमंत्री निवास में चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर श्री रामनवमी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ शामिल होकर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे हैं।

ओडिशा, झारखंड और मध्य प्रदेश से पहुंचे श्रद्धालु : इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन धर्म संस्थापक परम पूज्य स्वामी धनपति पण्डा जी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रामनवमी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की सहभागिता

25 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी पर कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना पूजन, हवन, आरती लीला भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। 26 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी पर पूजन, हवन, आरती प्रवचन, लीला, भजन कीर्तन, 27 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी में पूजन, हवन, आरती, नवकन्या पूजन, पूर्णाहूति आरती, रात्रि लीला, भजन कीर्तन, 28 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी सहस्त्र स्नान, आशीर्वाद मूर्ति विसर्जन प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

छत्तीसगढ़ की जेलों में चार साल में 285 मौतें, सीएस से मांगी रिपोर्ट

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव और जेल प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विभिन्न जेलों में पिछले चार वर्षों में 285 कैदियों की मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव तथा जेल प्रशासन को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। जेलों में कैदियों की मौत के मामले को विधानसभा में भी उठाया गया था। आयोग ने रिपोर्ट में जेलों में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जेलों में क्षमता से अधिक कैदी

राज्य के सभी जिला तथा केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। जेलों में क्षमता से अधिक कैदी होने की वजह से कैदियों में संक्रमण के साथ मानसिक तनाव बढ़ रहा है। जेलों में कैदियों के चिकित्सा उपचार के लिए डॉक्टरों और मनोचिकित्सकों की कमी होने की बात सामने आई है।

न्यूज गैलरी

आर्थिक चुनौतियों और गैस आपूर्ति पर सरकार जवाब देंह बने –युवराज सिंहा

फिंगेश्वर / नवप्रदेश। युवा नेता जिला उपाध्यक्ष युका व व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज सिंहा ने कहा कि देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं गैस आपूर्ति व्यवस्था पर सरकार को जमीनी वास्तविकताओं को स्वीकार कर त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए कहा कि हाल के समय में भारतीय रूपों में आई गिरावट और बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ाई है ऐसे में आवश्यक है कि केंद्र सरकार ठोस आर्थिक रणनीति अपनाएं जिससे बाजार में स्थिरता आए और आम जनता को राहत मिल सके ।।गैस आपूर्ति के मुद्दे पर श्री युवराज सिंहा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से लंबी करो और आपूर्ति बाधित होने की खबरें सामने आ रही है उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस विषय पर प्रदर्शित रखते हुए प्रभावी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े सिंहा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए रोजगार सृजन छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन तथा निवेश के अनुकूल वातावरण बनाना अत्यंत आवश्यक है।।

महावीर जयंती पर मटन मार्केट रहेगा बंद

राजनांदगांव /नवप्रदेश । राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थंकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

महापौर ने किया सम्पत्तिकर, जलकर और समेकित कर का भुगतान

राजनांदगांव /नवप्रदेश । महापौर मधुसूदन यादव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारंभ में ही अपने आवास के सम्पत्तिकर, जलकर व समेकित कर का भुगतान कर दिया था वही वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए जिलाधीश श्री जितेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किए। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के माह अंत मार्च में करदाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। महापौर श्री यादव ने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर का भुगतान वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ही कर दिया था, आप भी अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने। इसी प्रकार जिलाधीश श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि, मैने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है, आप भी अपने करो का भुगतान कर सहयोग करे। उन्होंने कहा कि आपके राजस्व करो के भुगतान की राशि से निगम कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। उन्होंने शासकीय विभागों से भी अपने अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा किये। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में वसूली हेतु वार्ड प्रभारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जवाबदारी दी गयी है। उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार से बचें। उन्होंने कहा कि करदाता अपने करों का भुगतान अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में कर सकते है।

अप्रैल, मई एवं जून 2026 में राजस्व पखवाड़ा आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम प्रत्येक माह अप्रैल, मई एवं जून 2026 में 15-15 दिन के लिए आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिले के ग्रामों में निर्धारित तिथियों पर संचालित होगा। राजस्व पखवाड़ा 2026 की कार्ययोजना के तहत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तक तथा जून माह में 01 जून से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी ग्राम स्तर पर उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अभिलेख सुधार, आय, जाति, निवास संबंधी आवेदनों आदि का शिविर स्थल पर शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री विनय कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया जाए। साथ ही आयोजित शिविरों की प्रगति से विभाग एवं शासन को समय-समय पर अवगत कराना भी सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि ग्रामों में आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

खाद्य विभाग की छापेमारी, राइस मिल के स्टॉक में भारी गड़बड़ी पकड़ी गई

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा आज कुरूद स्थित मेसर्स अमृत एग्रोटेक राइस मिल में आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के दौरान पाया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में फर्म द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु 1,27,999.9 क्विंटल धान का अनुबंध किया गया था, जिसके विरुद्ध 1,11,584.5 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इस उठाव के आधार पर 76,346.26 क्विंटल चावल जमा किया जाना था, लेकिन फर्म द्वारा मात्र 34,970.02 क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। इस प्रकार 41,376.24 क्विंटल चावल जमा करना अभी शेष है। भौतिक सत्यापन के दौरान मिल परिसर में 54,715 क्विंटल धान की कमी भी पाई गई, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। इसके अलावा, जांच के समय संचालक द्वारा बी-1 दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही खाद्य विभाग को मासिक विवरणी दी गई। मिल परिसर में स्टॉक बोर्ड भी प्रदर्शित नहीं पाया गया।उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की विभिन्न कंडिकाओं तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी श्री भेलेन्द्र कुमार ध्रुव, खाद्य निरीक्षक श्री निलेश चन्द्राकर एवं श्रीमती नीतू सिंह नेताम शामिल रहे।

राजेंद्र सोनी बने जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के उपाध्यक्ष, संगठन में उत्साह की लहर

- **पीसीसी चीफदीपक बैज ने किया अनुमोदन, नई कार्यकारिणी को मिली औपचारिक मंजूरी**

नगरी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में जिला व ब्लॉक स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब जिला कार्यकारिणी का गठन भी पूर्ण कर लिया गया है। धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के बाद आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है।जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती तारिणी नीलम चंद्राकर की अनुशंसा पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू द्वारा जारी सूची में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सोनी को जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के साथ ही संगठन में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से सिहावा विधानसभा और आदिवासी अंचल के कार्यकर्ताओं में इस

निर्णय को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

चुनावी और संगठनात्मक जिम्मेदारियों का अनुभव- राजेंद्र सोनी को चुनावी रणनीति और संगठनात्मक प्रबंधन का भी व्यापक अनुभव है। वे नगर पंचायत चुनाव 2025 में आमदी क्षेत्र के पर्यवेक्षक रहे हैं, वहीं गरियाबंद नगर पालिका चुनाव में प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। इसके अलावा गुरूर क्षेत्र में संगठन सृजन मंडल सेक्टर प्रभारी और नगर अध्यक्ष गरियाबंद प्रभारी के रूप में भी उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है।

प्रशासनिक क्षेत्र में भी मजबूत पकड़-सिर्फ संगठन ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्षेत्र में भी राजेंद्र सोनी का अनुभव उल्लेखनीय रहा है। वे उपसरपंच भोथली, सदस्य कृषि उपज मंडी समिति नगरी तथा अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति नगरी जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। इस अनुभव के कारण उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं और जनसमस्याओं की गहरी समझ है, जो उनके नए दायित्व में भी उपयोगी साबित होगी।

जमीनी स्तर से जुड़ा मजबूत चेहरा_

राजेंद्र सोनी को कांग्रेस संगठन का जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ता माना जाता है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन के विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए अनुभव हासिल किया है। वे बूथ अध्यक्ष से लेकर जोन अध्यक्ष, जोन प्रभारी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इसके अलावा वे जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। संगठनात्मक अभियानों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है, जिसमें बूथ चलो अभियान के तहत कुकरेल क्षेत्र के प्रभारी के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

तेज धूप से बचने, सिर व शरीर ढककर रखने और तरल पदार्थ का अधिक सेवन करने की अपील

बढ़ती गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

- **स्वास्थ्य विभाग की अपील- दोपहर के समय तेज धूप में न निकले**
- **भीषण गर्मी से बच्चों, बुजुर्गों तथा बीमारियों से पीड़ित को अधिक खतरा**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित लू (हीट स्ट्रोक) की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जारी इस परामर्श में लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी दिखाई दे, शरीर का तापमान बढ़ जाए और पसीना न आए या अत्यधिक प्यास के साथ पेशाब कम हो, तो इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लू लगने की स्थिति में पीड़ित को तुरंत ठंडी जगह पर लिटाना चाहिए, उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए और उसे पानी, ओआरएस, पना या लस्सी जैसे तरल पदार्थ पिलाने चाहिए। यदि स्थिति गंभीर हो तो बिना विलंब किए अस्पताल ले जाना आवश्यक है, क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील किया गया है कि वे दोपहर के समय तेज धूप से बचें, बाहर निकलते समय सिर और शरीर को ढककर रखें, अधिक मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा चक्कर या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत आराम करें।

आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तब हीट वेव की स्थिति बनती है और इसका प्रभाव विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है।

जंवारा एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर रंजना साहू ने लिया आशीर्वाद

धमतरी/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला, अष्टमी के शुभ दिन जरही माता मंदिर सांकरा एवं ग्राम भोथली (धमतरी) निवासी जनपद सदस्य श्री दिलीप सेन के निवास पर स्थापित जंवारा धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, यहां अखंड ज्योति एवं जंवारा का विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने मंदिर व जंवारा स्थल पहुंचकर दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया, सभी आदि शक्ति जगत जननी मां जरही माता एवं जंवारा स्थल पर पहुंच कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि चैत्र नवरात्रि का यह पावन पर्व हमारी सनातन संस्कृति की आस्था, शक्ति और भक्ति का प्रतीक है, मां दुर्गा की उपासना हमें कठिन परिस्थितियों में भी साहस और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है, नवरात्रि के इन पावन दिनों में हमें अपने भीतर की नकारात्मकताओं को त्यागकर सेवा, समर्पण और सद्भावना के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, साथ ही समाज के हर वर्ग के उत्थान और क्षेत्र के विकास के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना आवश्यक है।

रियासतकालीन राम मंदिर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया रामनवमी महापर्व, भजनों में डूबे श्रद्धालु

छुईखदान / नवप्रदेश। राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट,अंत समय पछताएगा, जब प्राण जाएंगे छूट। इसी भक्ति भाव के साथ 27 मार्च 2026 को रियासत कालीन श्रीराम दरबार छुईखदान में रामनवमी का पावन महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण ÷जय सियाराम÷ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

प्रातः 10 बजे से ही भक्तगण श्रीराम दरबार में एकत्रित होकर भजन-कीर्तन में लीन हो गए। इस अवसर पर इंदिरा कला संगीत

विश्वविद्यालय के कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभु श्रीरामचंद्र जी के चरणों में भजनों की गंगा अर्पित की। मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूबते नजर आए।

कार्यक्रम में प्रियांशु पाण्डेय, प्रांजल रावत एवं सुप्रिया मंडल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं तबले पर विवेक वैष्णव ने शानदार संगत प्रदान कर भजनों की प्रस्तुति को और अधिक जीवंत बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को गहरे आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ दिया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पावन क्षण अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। जन्म आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा और आस्था के भाव से सराबोर हो गया। श्रद्धालु ÷जय श्रीराम÷ के जयकारों के साथ आरती में शामिल हुए और प्रभु के जन्म का उत्सव बड़े ही उल्लास के साथ मनाया।

अरौद में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम अरौद (ली) में राम नवमी के पावन अवसर पर बाजार चौक में टीना शेड 10 लाख मुख्यमंत्री समग्र योजना और जिला पंचायत 15 वे वित्त राशि सिन्हा भवन टीना शेड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख , विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सरपंच टिकेश्वरी साहू, उपसरपंच इकेश्वर सिन्हा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि राम नवमी का पर्व

मर्यादा, आदर्श और सेवा का प्रतीक है, और ऐसे पावन दिन पर विकास कार्यों की शुरुआत क्षेत्र के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। टीना शेड निर्माण से स्थानीय लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। अंत में सभी ने भगवान श्रीराम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में बिसंतिन सिन्हा , लोकेश्वरी साहू, गीता सिन्हा ,भामा ध्रुव, रामानंद सिन्हा मनोज नेताम , किशोर नेताम,भोलेदास सिन्हा पंचगण, उमेंद्र सिन्हा , ग्राम पटेल ईश्वर सिन्हा , पुरण ध्रुव, दीपक साहू ,घनश्याम साहू, मुकेश यादव, एवं जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

नशे के खिलाफ साइकिल पर जंग धमतरी के तुलसीराम निकले नेपाल

धमतरी/नवप्रदेश। जब इरादे मजबूत हों, तो रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं। कुछ ऐसा ही जज़्बा लेकर धमतरी जिले के छोटे से ग्राम चर्रा (कुरुद) के 35 वर्षीय युवा तुलसीराम साहू एक बार फिर समाज को नई दिशा देने निकल पड़े हैं। उनके हाथों में साइकिल की हैंडल है, लेकिन दिल में एक बड़ा सपना नशामुक्त समाज का निर्माण।कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा और समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में तुलसीराम नेपाल स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास डेरा की ओर अपनी लंबी यात्रा पर रवाना हुए। इस प्रेरणादायक सफर को हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत सीईओ श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने रवाना किया। उन्होंने तुलसीराम से आत्मीय बातचीत कर उनके हौसले को और मजबूती दी और सुरक्षित व सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।यह यात्रा सिर्फ किलोमीटरों की दूरी तय करने के लिए नहीं है, बल्कि उन युवाओं तक संदेश पहुंचाने का एक प्रयास है ।

बैंक फ्राड प्रभावितों का आंदोलन, लोगों में भारी आक्रोश

धरसीवां / नवप्रदेश। कूंरा धरसीवां26/03/2026आईडीबी आई बैंक फ्राड के प्रभावितों का चौथा दिन बैंक बंद कर थाने में बैंक के खिलाफआंदोलन के लिए डटे लेकिन थाना प्रभारी का साफ इंकार प्रभावितों में भारी आक्रोश, आज लिखित में रकम वापसी का आश्वासन के बाद कोई रकम वापसी का लिखित आश्वासन निकला झूठा । प्रभावितों द्वारा लगातार आंदोलन के बाद भी कोई हल नहीं निकलने से प्रभावित में काफी आक्रोश देखने को मिला थाना प्रभारी द्वारा लगातार बैंक के शाखा प्रबंधन एवं कैशियर पूर्व एवं वर्तमान ब्रांच मैनेजर, कैशियर के खिलाफस्न ढ्ढ क्रकरने के लिए प्रभावितों द्वारा लगातार माग करने के बाद भी नहीं लिखा जिससे आक्रोशित प्रभावितों द्वारा निर्णय लिए कि कल रायपुर आईडीबिआई बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में रकम वापसी के लिए ज्ञापन दिया जाएगा साथ ही थाना में स्न ढ्ढ क्रनहीं लिखने की लिखित शिकायत किया जाएगा ,थाना में एक सप्ताह पहले हुए शिकायत का आज बयान लेने में पूरा दिन समाप्त कर दिया गया थाना प्रभारी द्वारा कल कहा गया था कि मैं पूर्व शाखा प्रबंधक एवं कैशियर को थाना में बुलवाया हु लेकिन सैन्य बढ़ाते रहे लेकिन नहीं बुलाया गया इससे भी थाना प्रभारी एवं जांच में आए उप पुलिस अधीक्ष लंबोदर पटेल भी स्न ढ्ढ क्रलिखने से मन किए जिससे प्रभावितों में खासा नाराजगी रहामें काफी आक्रोश देखा गया थानेदार द्वारा आईडीबीआई बैंक के हेड ऑफिस से लिखित आने का भरोसा थाना प्रभारी बोलते रहे लेकिन आज नही आ पाए,प्रभावितों को थाना में भी बुला लिए लेकिन पुन बैंक के सामने बैठने मजबूर हो गए ,पुलिस विभाग द्वारा थाना में एक हफ्ते दस दिन से आवेदन दिए बावजूद आज दिनांक तक स्न ढ्ढ क्र दर्ज नहीं होना भी संदेह के घेरे में आता है । सभी लोग बैंक ब्रांच मैनेजर के खिलाफस्न ढ्ढ क्रलिखने के लिए दबाव के बाद भी नहीं लिखना थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली का संदेह को बल देता फ्राड केश लगातार बढ़ते जा रहा है आज दिनांक तक 1,53,25,890रु का फ्राड उजागर हुआ है,22लोग फ्राड का शिकार अभीत हुआ है।

समीक्षा बैठक: जिले की प्रभारी सचिव आर. संगीता ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

शासन की योजनाओं का सही हो क्रियान्वयन: संगीता

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के प्रभारी सचिव श्रीमती आर. संगीता ने जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों तथा विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले में विभिन्न विभागों में चल रहे प्रमुख कार्यों एवं प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री

वेदव्रत सिरमौर, वनमण्डलाधिकारी श्री शशिगानंदन के., जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री पंकज डाहिरे सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन जिम्मेदारों द्वारा कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है, उन्हें नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने के लिए जनपद सीईओ को ग्रामवार सूची तैयार कर तहसीलदारों को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही सब इंजीनियरों को गांवों में जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा में उन्होंने वार्षिक लक्ष्य, सृजित मानव दिवस, मजदूरी भुगतान, स्वीकृत, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। राष्ट्रीय आजीविका मिशन तथा लखपति दीदी योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 1 लाख 4 हजार 261 परिवारों को 9 हजार 571 स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है, जिनके माध्यम से 119 करोड़ 81 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के कौशल का उपयोग कर उनकी आजीविका में वृद्धि करें।

एनकॉर्ड बैठक में नशा मुक्ति व निगरानी पर जोर, दोषियों पर करें सख्त कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती आर. संगीता ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एनकॉर्ड की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, इसके दुष्प्रभाव और बढ़ते प्रसार को रोकने के लिए विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु सभी विभाग सख्त और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव ने पुलिस और राजस्व विभाग के बीच बेहतर समन्वय कर कहा कि संयुक्त कार्रवाई से नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता बढ़ाने, समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास को प्राथमिकता देने की बात कही। जिससे की व्यक्ति नशे की लत से छुटकारा पा सके।

उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, काउंसलिंग सत्र, तथा युवाओं के लिए खेल और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

रायपुर-दुर्ग रोड पर पुल मरम्मत

1 अप्रैल से रूट होगा डायवर्ट, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जाने वाले नेशनल हाईवे में कुम्हारी स्थिति पुराना पुल के रखरखाव का काम तीन दिन बाद एक अप्रैल से शुरू होने वाला है। इसके कारण दुर्ग-रायपुर आवाजाही बुरी तरह से बाधित होगी। मुंबई- हावड़ा को जोड़ने वाला यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग में पूरे समय यातायात का दबाव रहता है। रायपुर से दुर्ग आवाजाही करने वाले भारी वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट करते हुए एडवाइजरी जारी है।



रायपुर से दुर्ग की ओर डायवर्सन प्लान

- रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाले भारी वाहन कुम्हारी खारून नदी ब्रिज से सिंगल लाइन पर आवागमन करेंगे।
- महासमुंद से दुर्ग की ओर जाने वाले भारी वाहनों को मंदिर हसौद के पास सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक रोका जायेगा।
- उरला-सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र तथा बिलासपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक रिंग रोड नम्बर-4 में नंदन वन कटिंग के पास रोका जायेगा।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा एडवाइजरी के अनुसार दुर्ग से रायपुर की ओर डायवर्सन प्लान इस तरह से है -

- दुर्ग से रायपुर की ओर आने वाले भारी वाहन कुम्हारी टोल पार कर दाहिने पुल से होकर खारुन नदी ब्रिज से सिंगल लाइन पर आवाजाही करेंगे।
- राजनांदगांव से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को दुर्ग बाई-पास मार्ग पर बाफना टोल प्लाजा के पास सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक रोका जाएगा।
- भिलाई औद्योगिक क्षेत्र तथा ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई से निकलने वाले भारी वाहनों को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुम्हारी की ओर जाना निषेध रहेगा।
- नंदिनी, अहिवारा, बेरला से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को मुरमुंदा, ओटेबंध, गुधेली, पठारीडीह होकर उरला (रिंग रोड नम्बर 04) की ओर प्रस्थान करेंगे।

यह मरम्मत कार्य होना है

पुराना खारुन नदी में बने पुल का मरम्मत कार्य दो साल बाद शुरू किया जा रहा है। एनएचआई आई के इंजीनियरों ने पुल का निरीक्षण किया, तो पाया कि एक्सपेंशन का गेप बड़ा हो गया है। गेप भरने पुल के डामर को उखाड़ा जाएगा। इसके बाद एक्सपेंशन गेप को भरा जाएगा। एक्सपेंशन गेप भरने के बाद सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही पुल के दोनों तरफलगाए गाए सिक्यूरिटी रेलिंग टूटी हुई है। इसके लिए पुल की सिक्यूरिटी रेलिंग को बदलने का कार्य किया जाएगा। पुल के मरम्मत होने में एक महीने का समय लग सकता है, इसलिए एक माह के लिए पुल पर आवाजाही रोकी जा रही है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर : आंधी-बारिश और ओलों की चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार सुबह से मौसम ने करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के असर के कारण कई इलाकों में बादल छाने के साथ तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अंधड़, वज्रपात और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके साथ मध्य भारत में बने चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव भी जुड़ गया है। इससे वातावरण में नमी बढ़ी है और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में इस प्रणाली का सबसे ज्यादा असर दिखने की संभावना है। यहां तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश और कुछ इलाकों में ओले गिरने की आशंका जताई गई है। अन्य इलाकों में भी हल्की बारिश और हवाओं का दौर जारी रह सकता है। राजधानी रायपुर में सुबह से उमस बढ़ती महसूस हो रही है। हल्की बदली के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि हवा की दिशा बदलने और बादल छाने के कारण दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज हो सकती है।

रायपुर में आईपीएल का रोमांच

10 और 13 मई को दिखेगा आरसीबी, केकेआर और एमआई का दम



रायपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आईपीएल 2026 के दूसरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को भी मेजबानी का मौका मिला है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, शहर में 10 और 13 मई को दो हाई-वोल्टेज मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच 10 मई 2026 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच होगा।

वहीं, दूसरा मुकाबला 13 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी इस शेड्यूल के बाद रायपुर के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आरसीबी, एमआई और केकेआर जैसी लोकप्रिय टीमों के स्टार खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद मिलेगा। रायपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए उत्सव जैसा होगा, बल्कि इससे शहर की पहचान और खेल संस्कृति को भी नई ऊंचाई मिलेगी।

शाहरुख खान आ सकते हैं रायपुर! आईपीएल 2026 में होंगे दो बड़े मुकाबले

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 का दूसरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दो रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच होगा। वहीं दूसरा मुकाबला 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। इन मैचों को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने तैयारिया शुरू कर दी है। स्टेडियम में दर्शकों की सुविधाएं, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जल्द ही बैठक की जाएगी। साथ ही टिकट की कीमतों को भी जल्द तय किया जाएगा।13 मई को होने वाले केकेआर बनाम आरसीबी मैच को लेकर खास चर्चा है कि शाहरुख खान रायपुर आ सकते है। वह अक्सर अपनी टीम के मैच देखने स्टेडियम पहुंचते हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि नही हुई है।

खरीफ तैयारियों की समीक्षा खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल के सचिव एवं सहकारिता सचिव श्री सी.आर. प्रसन्ना खरीफसीजन की तैयारियों, उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति, बीज की उपलब्धता और बेमौसम बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा की गई। कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए और किसानों को राहत और बीमा क्लेम का त्वरित रूप से दिलाने के निर्देश दिए गए। सूरजपुर जिले के प्रभारी सचिव सी.आर. प्रसन्ना की अध्यक्षता में आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एस. जयवर्धन, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा, एस.डी.एम. अजय मोड़ियम, उपसंचालक कृषि सुश्री सम्पदा पैकरा सहित कृषि विभाग से सम्बद्ध विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव प्रसन्ना बैठक में पूर्व वर्षों में उर्वरकों की मांग और आपूर्ति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गई तथा वर्तमान खाद भंडारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने आगामी खरीफसीजन 2026-27 के लिए जिले में गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक उर्वरक का पर्याप्त भंडारण किया जाए और रैक पॉइंट से आवंटित खाद का जिले में समय पर भंडारण सुनिश्चित हो।

कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ा रुख

प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितियों में भंडारण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए। खाद एवं बीज निरीक्षकों द्वारा बीज व खाद दुकानों तथा समितियों का नियमित भौतिक निरीक्षण किया जाए, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी स्थिति पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि खाद का वितरण नियमानुसार हो और केवल पात्र किसानों को ही खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए, जिसके लिये उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाने और क्रियान्वयन की बात कही।

वेटलिफ्टिंग में 71 किग्रा वर्ग में सिल्वन बेह्लोथाटलो का स्वर्णिम प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 के अंतर्गत आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मैदान में सीनियर पुरुष वेटलिफ्टिंग (71 किलोग्राम भार वर्ग) प्रतियोगिता बेहद रोमांचक रही।

देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों में रोमांच भर दिया। प्रतियोगिता में मिजोरम के सिल्वन बेह्लोथाटलो ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क दोनों में उत्कृष्ट संतुलन बनाते हुए कुल 281 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं, कर्नाटक के मंजूनाथ मराठी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 270 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक जीता।

उन्होंने कड़े मुकाबले में अपनी मजबूत तकनीक का प्रदर्शन किया। अरुणाचल प्रदेश के तायर रोनिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 255 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। झारखंड के हर्षित बागे, असम के मानस ज्योति मेच और केरल के श्रीकुट्टनकुट्टन सहित कई प्रतिभागियों ने भी अपनी दमदारी दिखाई और कड़ी प्रतिस्पर्धा पेश की।

देश में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स न केवल आदिवासी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों की खेल संस्कृति को भी एक मंच पर ला रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है।

सुविचार

छोटी छोटी खुशियां ही तो हमारे जीने का सहारा बनती हैं, ख्वाहिशों का क्या है वे तो हर पल बदलती रहती हैं

अपने ही बुने जाल में फंसे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार अपने ही बुने जाल में फंस गए हैं। अब उन्हें इससे बाहर निकलने का रास्ता नहीं सूझ रहा है। निकलने की जितनी कोशिश कर रहे हैं उतना ही ज्यादा और फंसते जा रहे हैं। उन्होंने इजराइल के कंधे पर सवार होकर ईरान पर हमला किया लेकिन ईरान ने पलटवार करके यह जता दिया कि ईरान को हल्के में लेना इजराइल और अमेरिका को कितना भारी पड़ सकता है? ईरान वाकई भारी पड़ रहा है। अब तो ईरान ने अमेरिका परस्त खाड़ी के देशों की जान भी आफत में डाल दी है। पूरी दुनिया में तेल और गैस की किल्लत से हाहाकार मच गया है। खुद अमेरिका में ही पेट्रोल के दाम तीस प्रतिशत बढ़ गए हैं जिससे वहां महंगाई बढ़ने लगी है। नतीजतन ट्रंप को अपने ही देश में भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें अपने कदम पीछे खींचने पड़े। मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर उन्होंने पांच दिनो के लिए एकतरफा संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। किंतु इसका नतीजा भी ढाक के तीन पात निकला। ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों पर हमले और तेज कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप रोज नई धमकी देते रहे लेकिन ईरान ने अमेरिका की एक नहीं सुनी। अमेरिका के शांति प्रस्ताव को भी उसने ठुकरा दिया। ऐसे में थके हारे डोनाल्ड ट्रंप ने अब अपने एकतरफा सीजफायर को और दस दिनों के लिए आगे बढ़ाने का एलान किया है। साथ ही उम्मीद जाहिर की है कि ईरान के साथ चल रही बातचीत का सार्थक नतीजा सामने आएगा। किन्तु उनके इस बयान की ईरान ने यह कहकर हवा निकाल दी है कि अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हो रही है और न ही ईरान अमेरिका के किसी प्रस्ताव को मंजूर करेगा। इससे बौखला कर डोनाल्ड ट्रंप फिर ईरान को धमकी चमकी देने पर उतर आए हैं। उन्होंने बयान दिया है कि ईरान खुद संघर्ष विराम के लिए गिड़गिड़ा रहा है। यही नहीं बल्कि उन्होंने एक और नया शिगूफा छोड़ा है कि ईरान के लोग तो उन्हे खामेनई की जगह अपना सुप्रीम लीडर बनाना चाहते थे लेकिन उन्होंने सुप्रीम लीडर बनने से इंकार कर दिया। ट्रंप को यह भी पता नहीं कि ईरान में सुप्रीम लीडर का पद एक धार्मिक व्यक्ति को ही दिया जाता है। यही नहीं बल्कि उन्होंने ईरान पर दबाव बनाने के लिए और भी कई हथकंडे अपनाना शुरू कर दिया है। वे खाड़ी देशों में अपनी सैन्य शक्ति बढ़ा रहे हैं और ईरान के मुख्य तेल निर्यात केन्द्र खर्ग द्वीप पर कब्जा करने तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी सेना में नई भर्ती भी शुरू कर चुके हैं। ये सब कुछ वे ईरान को बातचीत की टेबल पर लाने के लिए कर रहे हैं किंतु ईरान ने भी उनकी हर चाल की काट निकाल ली है। ईरान ने होर्मूज की तरह ही खर्ग द्वीप में भी बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। कुल मिलाकर इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार बहुत कम है। इजराइल ने तो पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान के लिए आर पार की लड़ाई जारी रखेगा। ऐसे में आने वाले दस दिनों के भीतर इस संकट का समाधान हो जाएगा इसकी उमृमीद कम है।

संकट की घड़ी में सरकार को विपक्ष का साथ

पश्चिम एशिया में जारी जंग से सारी दुनिया के सामने तेल और गैस का संकट खड़ा हो गया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यद्यपि भारत में स्थिति उतनी खराब नहीं है लेकिन यह जंग और लंबी चली तो भारत को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में अपने उद्बोधन के दौरान देशवासियों से एकजुट होकर भावी संकट का सामना करने के लिए तैयार रहने का आव्हान किया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमने वैश्विक महामारी कोरोना को एकजुट होकर हराया था उसी तरह इस संकट से निपटने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। इसके बाद इस मुद्दे पर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। जिसमें टीएमसी को छोड़कर सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने शिरकत की। सरकार विपक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और भरोसा दिलाया कि जंग के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौती का सामना करने के लिए कटिबद्ध है। इस काम में उसे विपक्ष का सहयोग चाहिए। यह संतोष का विषय है कि दलगत भावना से उपर उठकर विपक्ष ने संकट की इस विकट घड़ी में सरकार का साथ देने का वादा किया। जाहिर राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष के साथ आने से सरकार अब और ज्यादा दमदारी से इस चुनौती का सामना करने में सफल होगी।

सद्गुरू बोधामृतम्


सदगुरू ऋतेश्वर

◆ भगवान अपने भक्तों को कभी-कभी दुख इसलिए देते हैं कि उसकी भक्ति को प्रकाश करना चाहते हैं कि भैया देख लो हमारो भक्त हैं दुख पा के भी इसके मन में मस्ती है! इसीलिए कभी दुखी होकर भगवान के ऊपर, गुरु के ऊपर आरोप आक्षेप मत करना। पता नहीं श्री भगवान, श्री गुरुदेव भगवान तुम्हारे भक्ति के प्रकाश को दुनिया में प्रकाशित करना चाहते हैं? और फिर बिना तपाए कोई सोना कुंदन नहीं बनता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1561: मुगल बादशाह अकबर ने मालवा की राजधानी सारंगपुर पर हमला कर सुल्तान बाज बहादुर खान को हराया। 1795: पोलैंड का तीसरा विभाजन हुआ। 1917: प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान पहली बार महिलाओं की सेना सहायक कोर की स्थापना की गई। 1930: तुर्की के शहरों के नाम बदले गए, अंकारा को अंगोरा और इस्तांबुल को कॉन्स्टेंटिनोपल का नया नाम मिला। 1941: नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपनी नजरबंदी से बचकर जर्मनी के बर्लिन पहुँचे। 1977: मोरारजी देसाई भारत के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने। 1979: अमेरिका के पेंसिलवेनिया के थ्री माइल आइलैंड परमाणु संयंत्र में अब तक की सबसे बड़ी परमाणु दुर्घटना (भाप लीक) हुई। 1992: भारत के राष्ट्रपति ने जे.आर.डी. टाटा को सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। 1998: सी-डीएसी (C-DAC) द्वारा विकसित परम-10000 सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किया गया।

वैश्विक संकट के बीच मानवता की अंतिम सुरक्षा-रेखा है ऊर्जा संरक्षण

आज जब विश्व एक बार फिर भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रहा है और ईरान, अमेरिका तथा इजरायल के बीच टकराव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है, तब ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुकी है। तेल और गैस के दामों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ऊर्जा स्रोतों पर बढ़ती निर्भरता ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या आधुनिक सभ्यता ने अपनी बुनियाद अत्यधिक अस्थिर संसाधनों पर खड़ी कर दी है।

योगेश कुमार गोयल

इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता की सुरक्षा का सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय बनकर उभर रहा है। ऊर्जा आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग है, चाहे वह उद्योगों की मशीनें हों, परिवहन के साधन हों, डिजिटल अर्थव्यवस्था हो या घरेलू जीवन की सुविधाएं किंतु विडंबना यह है कि जिस ऊर्जा पर हमारी प्रगति आधारित है, वही अब संकट का कारण बनती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की 'एनर्जी प्रोग्रेस रिपोर्ट 2024' के अनुसार आने वाले दशक में वैश्विक ऊर्जा मांग में लगभग 25 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है जबकि जीवाश्म ईंधनों के भंडार तेजी से सीमित होते जा रहे हैं। ऐसे में यदि ऊर्जा संरक्षण और दक्षता को प्राथमिकता नहीं दी गई तो भविष्य में ऊर्जा संकट केवल आर्थिक चुनौती नहीं रहेगा बल्कि सामाजिक अस्थिरता और वैश्विक संघर्षों का कारण भी बन सकता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य इस खतरे को और स्पष्ट करता है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव ने तेल आपूर्ति पर अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो रही हैं। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। दरअसल भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। पैट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि केवल परिवहन लागत को नहीं बढ़ाती बल्कि खाद्य पदार्थों से लेकर निर्माण सामग्री तक हर क्षेत्र में महंगाई को जन्म देती है। इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण आधार बन जाता है।

भारत तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और यहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की 'इंडिया एनर्जी आउटलुक 2024' रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ऊर्जा उपभोक्ता अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में यदि ऊर्जा खपत को संतुलित नहीं किया गया तो विकास और पर्यावरण के

बीच संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाएगा। यही कारण है कि भारत ने ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को अपनी नीति का केंद्रीय तत्व बनाया है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा लागू ऊर्जा संरक्षण अधिनियम और 'उजाला' जैसे कार्यक्रमों ने यह साबित किया है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। 36 करोड़ से अधिक एलईडी बल्बों का वितरण और उससे हुई 48 बिलियन यूनिट बिजली की बचत इस बात का प्रमाण है कि यदि नीति और जनभागीदारी साथ आएं तो ऊर्जा संरक्षण एक जनांदोलन बन सकता है।

ऊर्जा संरक्षण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह किसी नई तकनीक या बड़े निवेश पर निर्भर नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक व्यवहार में छोटे-छोटे बदलावों से ही संभव है। उदाहरण के लिए, अनावश्यक रूप से जलती लाइटों को बंद करना, ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना, एयर कंडीशनर का सीमित प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन को अपनाना और सौर ऊर्जा जैसे विकल्पों को बढ़ावा देना, ये सभी कदम न केवल ऊर्जा बचाते हैं बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं। यदि भारत का प्रत्येक परिवार प्रतिदिन केवल एक यूनिट बिजली की बचत करे तो यह देश के लिए ऊर्जा क्रांति के समान होगा। ऊर्जा संरक्षण का संबंध केवल बिजली तक सीमित नहीं है बल्कि यह जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। ऊर्जा उत्पादन में जल का व्यापक उपयोग होता है और जल की बर्बादी सीधे ऊर्जा की बर्बादी में बदल जाती है। इसी प्रकार, ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, जो जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान वृद्धि का मुख्य कारण है। आज जब दुनिया 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, तब ऊर्जा संरक्षण इस दिशा में सबसे प्रभावी हथियार साबित हो सकता है। अक्षय ऊर्जा इस संकट का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करती है लेकिन इसकी सफलता भी ऊर्जा संरक्षण पर ही निर्भर करती है। सौर, पवन और जैव ऊर्जा जैसे स्रोतों का विस्तार तभी प्रभावी होगा, जब ऊर्जा की कुल मांग को नियंत्रित किया जाए। भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और स्मार्ट ग्रिड जैसी तकनीकें इस दिशा में नई संभावनाएं खोल रही हैं लेकिन इन सबका मूल आधार ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग ही है। शहरीकरण के बढ़ते दबाव ने भी ऊर्जा खपत को तेजी से बढ़ाया है। महानगरों में ऊंची इमारतें, एयर कंडीशनिंग सिस्टम और बढ़ती वाहन संख्या ऊर्जा की मांग को कई गुना बढ़ा देती है। ऐसे में हरित भवन निर्माण, सौर पैनलों का उपयोग और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना आवश्यक हो जाता है। यदि भवन निर्माण में ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता दी जाए तो बिजली की खपत में 30 से 40 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। यह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होगा बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

ऊर्जा संरक्षण का एक महत्वपूर्ण आयाम औद्योगिक क्षेत्र भी है। उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने से उत्पादन लागत में कमी आती है और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि ऊर्जा संरक्षण को केवल सरकारी नीति या अभियान के रूप में न देखा जाए बल्कि इसे एक सामाजिक संस्कृति के रूप में विकसित किया जाए।

मिशन एलपीजी: होर्मुज संकट में भारत का 'प्लान बी'

महेन्द्र तिवारी

दुनिया के एक छोर पर जब बारूद की गंध फैलती है, तो उसकी तपिश हज़ारों किलोमीटर दूर भारतीय रसोई तक पहुँचने में देर नहीं लगती। वर्तमान में इज़राइल, अमेरिका और ईरान के बीच गहराता युद्ध केवल नक्शों पर खिंची लकीरों या मिसाइलों के विनिमय तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने वैश्विक ऊर्जा राजनीति के उस ताने-बाने को झकझोर दिया है जिस पर भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था टिकी है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत सरकार ने एक ऐसा साहसिक और रणनीतिक फैसला लिया है जिसने अंतरराष्ट्रीय गलियारों में हलचल मचा दी है। करीब आठ साल के लंबे अंतराल के बाद, भारत ने एक बार फिर ईरान से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी की खरीदारी शुरू कर दी है।

यह फैसला महज एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की 'रणनीतिक स्वायत्तता' और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर दिखाई गई दृढ़ता का प्रतीक है। जून 2018 के बाद यह पहली बार है जब भारतीय तेल कंपनियों ने ईरानी बंदरगाहों की ओर रुख किया है। याद रहे कि यह वही दौर था जब अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के चलते भारत ने ईरान से तेल और गैस लेना लगभग बंद कर दिया था, लेकिन आज जब पश्चिम एशिया की आग होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुँचने वाली है, तो भारत ने अपनी जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए कूटनीति की बिसात पर नई चाल चली है। इस बड़े सौदे की अगुवाई देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन कर रही है, जिसमें भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम भी साझीदार हैं। जिस समय देश के कुछ हिस्सों से रसोई गैस और ईंधन के लिए लंबी कतारों की खबरें आ रही थीं, उसी समय 'सी बर्ड' नाम के एक विशाल मालवाहक जहाज का भारत की ओर मुड़ना किसी फ़िल्मी पटकथा से कम नहीं लगता। बताया जाता है कि यह जहाज शुरुआत में चीन की ओर जा रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर रणनीतिक वार्ताओं और जरूरतों के चलते इसने अपनी दिशा बदली और भारत के मैंगलोर पोर्ट की ओर रुख किया। इसमें मौजूद 43 हजार टन ब्यूटेन और प्रोपेन भले ही भारत की दैनिक खपत का एक छोटा सा हिस्सा हों, लेकिन संकट के इस दौर में यह खेप एक मनोवैज्ञानिक जीत और भविष्य के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। होर्मुज स्ट्रेट, जो ओमान और ईरान के बीच स्थित एक संकरा समुद्री रास्ता है, भारत के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं है। भारत अपनी जरूरत की दो-तिहाई एलपीजी आयात करता है और उस आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। अगर युद्ध की आग इस रास्ते को बंद कर देती है, तो भारत की ऊर्जा व्यवस्था चरमरा सकती है। ऐसे में ईरान से सीधे गैस की खरीद करना उस जोखिम को कम करने की एक सोची-

समझी कोशिश है। हालाँकि, एक तरफ जहाँ आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका ने आम आदमी को सशंकित कर दिया है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बहुत ही स्पष्ट और आश्वस्त करने वाला दावा पेश किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश के पास वर्तमान में लगभग 60 दिनों का वास्तविक ईंधन भंडार मौजूद है। इसमें कच्चा तेल, रिफाइंड उत्पाद और वह रणनीतिक भंडारण शामिल है जिसे भारत ने भूमिगत गुफाओं में आपात स्थिति के लिए बचाकर रखा है। सरकार का यह भी कहना है कि यदि हम अपनी कुल भंडारण क्षमता को देखें, तो भारत के पास 74 दिनों तक की जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य है। यह डेटा उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है जो गैस की कमी की अफवाहों के चलते डरे हुए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भले ही पश्चिम एशिया में संकट अपने 27वें दिन में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन भारतीय रिफाइनरियां अपनी स्थापित क्षमता से 100 प्रतिशत से भी अधिक पर काम कर रही हैं। इसका अर्थ यह है कि कच्चे तेल को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी में बदलने की प्रक्रिया दिन-रात युद्धस्तर पर चल रही है। सरकार का यह दावा कि अगले दो महीनों तक आपूर्ति पूरी तरह स्थिर रहेगी, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाली उठापटक के बीच घरेलू बाजार में विश्वास बहाली का काम कर रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर सरकार के पास इतना भंडार है, तो सड़कों पर लंबी लाइनें क्यों दिख रही हैं? यहाँ मनोविज्ञान और तर्क के बीच का द्वंद्व सामने आता है। जब भी युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो 'पैनिक बाइंग' यानी घबराहट में की जाने वाली खरीदारी बढ़ जाती है। लोग भविष्य की अनिश्चितता को देखते हुए अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोशिश करते हैं, जिससे वितरण प्रणाली पर अचानक बोझ बढ़ जाता है। इसके अलावा, होर्मुज क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण कई बार जहाजों के बीमा प्रीमियम और उनके रूट में बदलाव करना पड़ता है, जिससे लॉजिस्टिक्स में मामूली देरी होती है। भारत ने इस चुनौती से निपटने के लिए अब वैकल्पिक स्रोतों की ओर हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया है। ईरान से किया गया यह हालिया सौदा इसी कड़ी का हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की ऊर्जा रणनीति अब केवल एक या दो देशों पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी हो गई है। हम अमेरिका के साथ भी खड़े हैं, इजराइल के साथ हमारे रणनीतिक संबंध हैं, और साथ ही हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरान और रूस जैसे देशों के साथ भी व्यापार जारी रखे हुए हैं। यह संतुलन ही भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता है। ईरान से एलपीजी की यह खरीद केवल आर्थिक बचत का मामला नहीं है। ईरानी गैस भारत को सस्ती भी पड़ती है और परिवहन की दृष्टि से भी यहाँ से माल लाना आसान है। लेकिन इसके पीछे जो सबसे बड़ी बाधा थी, वह थी अमेरिकी प्रतिबंध। अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए दुनिया भर के देशों पर दबाव बनाया था कि वे वहां से ऊर्जा खरीद बंद कर दें।

मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के सर्वकालिन प्रतिमान प्रभु श्रीराम

संजीव ठाकुर

रामनवमी का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों की स्मृति का दिवस है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जिन्हें भारतीय संस्कृति में ÷मर्यादा पुरुषोत्तम÷ के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि आचरण का ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो युगों-युगों तक मानवता को मार्ग दिखाता रहेगा।

भगवान श्रीराम का चरित्र त्याग, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी उन्होंने पिता के वचन की रक्षा के लिए बिना किसी संकोच के चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार कर लिया। यह त्याग केवल एक पुत्र का नहीं, बल्कि आदर्श मानव का परिचायक है, जो अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि मानता है।

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। वनवास के कठिन जीवन में भी उन्होंने धैर्य, संयम और सहनशीलता का परिचय दिया। राक्षसों का विनाश कर उन्होंने न केवल ऋषियों की रक्षा की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ही नहीं, बल्कि आदर्श भाई, पति और राजा भी थे। अपने भाइयों के प्रति उनका स्नेह, विशेषकर लक्ष्मण और भरत के साथ उनका संबंध, प्रेम और त्याग की सर्वोत्तम मिसाल है। माता सीता के प्रति

उनकी निष्ठा और सम्मान भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। जब श्रीराम अयोध्या के राजा बने, तब उन्होंने ÷रामराज्य÷ की स्थापना की, जो न्याय, समानता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उनके शासन में प्रजा सुखी और संतुष्ट थी, जहाँ हर व्यक्ति को न्याय मिलता था। आज भी ÷रामराज्य÷ को आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में देखा जाता है।

रामनवमी का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि श्रीराम के आदर्श केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने के लिए हैं। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब श्रीराम के सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

अंततः, भगवान श्रीराम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा सुख बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और सत्य के मार्ग पर चलने में है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भी श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास करेंगे।

राम केवल एक नाम नहीं,
एक आदर्श है जो हर युग में,
हर मन में जीवित रहता है।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप व्यर्थ की बयानबाजी से बचें स्वभाव में भी राशि अनुसार अहम कुछ अधिक ही रहेगा गलती करके भी उद्दंडता दिखाना आज भारी पड़ सकता है। घर एवं बाहर कलह के प्रसंग बनेंगे।

वृषः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज आपके बनते कार्यो में कोई ना कोई टांग अवश्य अड़ाएगा इसे अनदेखा कर अपने कार्यो में लगे रहे अगर विरोध किया तो लाभ से वंचित रह जाएंगे।

मिथुनः आपका आज का दिन कुछ विशेष नही रहेगा कल की ही भांति आज भी कारोबार अथवा अन्य धन संबंधित कार्य बाधा आने से अटके रहेंगे।

कर्कः आज के दिन आपकी रुचि धर्म-कर्म में अधिक रहेगी फिर भी कोई ना कोई व्यवधान आने से इसके लिए समय कम ही निकाल पाएंगे।

सिंहः आज का दिन आपको प्रतिकूल फल देने वाला है। आज भला करने पर भी बुराई ही मिलेगी गृहस्थ में भी वैर-विरोध अधिक रहने से मानसिक रूप से हताश रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा लेकिन मन की चंचलता बने बनाये लाभ पर पानी भी फेर सकती है। दिन के आरंभ में कार्यो में सहज सफलता मिलने से अतिआत्मविश्वाश की भावना अन्य कार्यो को बिगाड़ सकती है।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए शुभ बना रहेगा कुछ मामूली उलझनों को छोड़ दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। नौकरी धंधे से अपेक्षित लाभ कमाने के लिए आज किसी के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी।

वृश्चिकः आज आपकी दिनचर्या आडम्बर युक्त अधिक रहेगी। लेकिन आज किसी भी बात को बढ़ा चढ़ा कर पेश करना आपको ही मुश्किल में डालेगा।

धनुः आज के दिन आप किसी कार्य को लेकर कुछ ज्यादा ही मानसिक बोझ लेंगे जिससे सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। सर अथवा शरीर के अन्य अंगों में दर्द की शिकायत रह सकती है।

मकरः आज की परिस्थिति आपके लिए अनुकूल बनी रहेगी आज आलस्य ना करें समय का लाभ उठाएं धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे।

कुंभः आज के दिन आप धन लाभ के साथ ही घरेलू सुख के साधनों में भी वृद्धि कर सकेंगे। भोजन अथवा अन्य खाद्य सामग्री पर खर्च भी करना होगा।

मीनः आज के दिन विवेकी व्यवहार अपनाएंगे जिससे व्यर्थ के झगड़ो से बचे रहेंगे। कार्य व्यवसाय में आज कुछ विशेष सफलता नही मिलेगी।

QUIZ TIME

1) किस राज्य ने बैसिलस सबटिलिस को अपना राज्य सूक्ष्मजीव घोषित किया है?

2) भारत का पहला मेनोपॉज क्लीनिक किस राज्य ने शुरू किया है?

3) भारत की पहली फ्लैट रोल्ड प्रोडक्ट्स एल्युमिनियम यूनिट कहाँ शुरू हुई है?

4) गल्फूड 2026 (दुबई) में भारत को किस रूप में चुना गया है?

5) वइली रिसर्च हीरोज पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) तमिलनाडु (3) ओडिशा (4) पार्टनर देश (5) चंद्रकांत सालुंखे

पहेली

शब्द सामर्थ्य -355

बर्ड-फ्लू से 50 लाख का कारोबार ठप, निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक अमला सक्रिय

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में बर्ड फ्लू फैलने के बाद जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर सख्त कदम उठाए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहर से लगे कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होने के बाद चिकन और अंडों की बिक्री पर पूरी तरह से 10 किलोमीटर के दायरे में रोक लगा दी है। नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन-खाद्य विभाग की संयुक्त टीमों को पोल्ट्री फार्म, होटलों और चिकन दुकानों को बंद कराने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके कारण निगम क्षेत्र में रोजाना करीब 50 लाख रुपए का कारोबार प्रभावित हो रहा है।पशुपालन, नगर निगम और खाद्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। अगर कहीं चिकन या अंडों की बिक्री करते हुए पाया गया, तो संबंधित सामग्री जप्त कर नष्ट की जाएगी। इसके अलावा होटलों और रेस्टोरेंट्स में भी चिकन और अंडों के उपयोग और बिक्री पर रोक है, जिसकी निगरानी खाद्य विभाग कर रही है।

इन इलाकों में विशेष निगरानी: संक्रमण के मद्देनजर नगर निगम के शहरी क्षेत्र के साथ ही सेंदरी, मोपका, तोरवा, लालखदान, राजकिशोर नगर, तिफरा, सकरी, उसलापुर और तारबाहर समेत आसपास के क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गुरुवार को यहां दुकानों की जांच के साथ साफ-सफाई और कचरा निस्तारण की भी देखा गया। पशुपालन विभाग के जांच अधिकारियों का कहना है मौके पर टीम के पहुंचते ही दुकानें बंद कर दी जाती हैं, लेकिन उनके लौटते ही फिर से दुकानें खोल दी गई। अधिकारियों के अनुसार शासकीय कुक्कुट

प्रक्षेत्र में शेडों की सफाई शुरू कर दी गई है और जल्द ही सैनिटाइजेशन किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट केंद्रीय टीम को भेजी जाएगी। इस प्रक्रिया में 7 से 10 दिन का समय लग सकता है, तब तक प्रतिबंध जारी रहने की संभावना है। संक्रमित केंद्र के 1 किलोमीटर के दायरे में विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस क्षेत्र में चिकन और अंडों की खरीदी-बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 10 किमी के बाहर से भी चिकन या अंडे लाने पर कार्रवाई की जाएगी। बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम बनाया है। अब तक तीन स्थानों से मुर्गियों के मरने की सूचना मिली है। सकरी के पास एक पोल्ट्री फार्म के पास मुर्गियों के अवशेष मिले। जोंधरा में दो मुर्गियां मृत पाई गईं। इसके बाद जोंधरा के लोग पोल्ट्री फार्म बंद कराने की मांग को लेकर जांच टीम पर दबाव बनाने लगे। घुटकू में भी कुछ मुर्गियों के मरने की सूचना मिली, लेकिन यह क्षेत्र 10 किमी दायरे से बाहर होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई।

पशु पालन और चिकित्सा विभाग की 9 टीम सक्रिय

पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. जीएसएस. तंवर ने बताया कि संक्रमित क्षेत्र के साथ ही आसपास के 10 किमी के दायरे में किसी भी प्रकार की चिकन और अंडे की खरीद-बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। इसके लिए 4-4 सदस्यों की 9 अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार क्षेत्र में निरीक्षण कर रही है।

न्यूज गैलरी

तखतपुर में तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर थाना क्षेत्र में तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे संचालक के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के निर्देश पर अधिक डेसिबल में साउंड सिस्टम चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम कुंआ में बिना अनुमति अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।जांच के दौरान डीजे संचालक ज्ञान प्रकाश कैवर्त , निवासी ग्राम मोढे, थाना तखतपुर, बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाए गए। वाहन क्रमांक सीजी 10 एआर 8856 में साउंड सिस्टम लगाकर मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित की जा रही थी, जो नियमों का उल्लंघन है।पुलिस ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत 26 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए 4 बेस बॉक्स, 2 टॉप बॉक्स, 2 हाईस ट्यूटर, 2 एम्पलीफायर और 2 पार लाइट जब्त किए। थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के प्रयास तेज हुए हैं।

निपनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

बिल्हा/नवप्रदेश। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर के छात्रों द्वारा 25 मार्च से 31 मार्च तक ग्राम निपनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू, ग्राम निपनिया के सरपंच राजकुमार कोसले, गांव के किसान, छात्र-छात्राएं तथा महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू ने छात्रों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता और ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सरपंच ने भी शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए गांव के विकास में सहयोग की अपेक्षा जताई। यह शिविर विभिन्न जनजागरूकता एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से गांव में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेगा।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश 17 अप्रैल तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार की सुविधा 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इसके बाद 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

मूकबधिर ने गुड़िया का सहारा लेकर बताया उससे रेप हुआ

हाईकोर्ट बोला- इशारे की गवाही भी मान्य; आरोपी रिश्तेदार को उम्रकैद

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुकबधिर से रेप के आरोपी को हाईकोर्ट ने मरते दम तक उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला साल 2020 का है। जब घर में कोई नहीं था तो आरोपी रिश्तेदार ने घर घुसकर युवती से दुष्कर्म किया था। वारदात के बाद युवती ने इशारे में अपनी मां को पूरी बात बताई थी। मामला बालोद जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र का है।

पीड़िता बोल और सुन नहीं सकती थी, इसलिए कोर्ट में प्लास्टिक की गुड़िया का सहारा लेकर उसने अपने साथ हुए गलत काम की गवाही दी थी।हाईकोर्ट ने इस गवाह को भरोसेमंद माना है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस गवाह को खारिज नहीं किया जा सकता। संकेतों के माध्यम से दी गई जानकारी भी कानूनी तौर पर मौखिक साक्ष्य है। पीड़िता ने मां को इशारों में आपबीती बताई। साथ ही आरोपी की भी पहचान बताई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 450 और

376(2) के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़िता जन्म से ही बोलने और सुनने में अक्षम थी, इसलिए कोर्ट के सामने उसकी गवाही दर्ज कराना एक बड़ी चुनौती थी। सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट ने साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट की मदद ली, जब कुछ सवाल पूछने में दिक्कत आई तो कोर्ट ने प्लास्टिक की गुड़िया मंगवाई। पीड़िता ने गुड़िया के माध्यम से इशारों में बताया कि आरोपी ने उसके साथ क्या गलत किया था। इसी आधार पर ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई।हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता की गवाही पूरी तरह से भरोसेमंद है। इसके अलावा मेडिकल और फॉरेंसिक रिपोर्ट ने भी जुर्म की पुष्टि की। जांच में पीड़िता के स्लाइड्स और आरोपी के कपड़ों पर मानव शुक्राणु पाए गए थे, जिसका आरोपी कोई जवाब नहीं दे सका था। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि केवल मूक-बधिर होने के आधार पर किसी गवाह की बात को खारिज नहीं किया जा सकता। इशारों से दी गई जानकारी को भी कानूनी तौर पर मौखिक साक्ष्य माना जाता है। कोर्ट ने आरोपी को आईपीसी की धारा 376(2) के तहत मौत होने तक उम्रकैद और धारा 450 के तहत 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपी वर्तमान में जेल में बंद है और उसे अपनी पूरी सजा काटनी होगी।

जानिए क्या है पूरा मामला

दरअसल मूक-बधिर से रेप का मामला बालोद जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र का है। 29 जुलाई 2020 को 20 साल की युवती घर पर अकेली थी, वह बोल सुन नहीं सकती थी। माता-पिता खेत में काम करने गए थे, तभी रिश्तेदार नीलम कुमार देशमुख घर में घुस गया। इस दौरान उसने युवती के साथ रेप किया और मौके से फरार हो गया, जब शाम को मां काम से घर लौटी तो उसने बेटी को रोते हुए पाया।

साय सरकार के नेतृत्व में बिल्हा में हो रहा चंहमुखी विकास : कौशिक

***धरमलाल कौशिक कि अनुशंसा पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 55 लाख रु के विकास निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति**

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरम लाल कौशिक कि अनुशंसा पर पंचायतर्वम् ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के तहत विधानसभा बिल्हा के ग्राम पंचायत जोता, पेंड्री स, धुमा, कड़ार में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रु से अधिक कि लागत में निर्माण होने वाले विकास निर्माण कार्यों कि स्वीकृति साय सरकार द्वारा दे दी गयी है। श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है।श्री कौशिक ने बताया कि इसके अंतर्गत ग्राम जोता में. सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य मुख्य नार्ग से मायापार के घर तक जिसकी लम्बाई 250 मीटर जिसकी लागत 28.16, ग्राम पंचायत पेंड्री स सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सरदार के घर से रामायण चौक तक जिसकी लम्बाई 400 मीटर और लागत 42.47, ग्राम पंचायत धुमा में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य प्राथमिक शाला भवन से गौठान नाला भवन तक लम्बाई 28.24 मीटर और लागत 33.61 लाख रु एवं ग्राम पंचायत कड़ार लम्बाई 400 मीटर और लागत 51.85 लाख रु है।

उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों कि मांग क्षेत्रवासियों द्वारा बड़े लम्बे समय से कि जा रही थी इसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल्हा विधानसभा में सामाजिक अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। साय सरकार के नेतृत्व में बिल्हा विधानसभा के विकास के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आने वाले समय में ऐसे विकास निरंतर होते रहेंगे।

रेंजर और डिप्टी-रेंजर 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ाए, जल्द केस निपटाने मांगे थे पैसे

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले में अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुरही रेंजर और डिप्टी रेंजर को 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो ने ये कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में पल्लव नायक (रेंजर) और मनीष श्रीवास्तव (डिप्टी रेंजर) शामिल हैं। दरअसल, दिसंबर 2025 में लोरमी राजघराने का बेटा और उसके साथी अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में हथियार लेकर घुसे थे। इस दौरान उन्होंने एयर गन से फायरिंग के साथ वीडियो बनाया था। रील वायरल होने के बाद वन विभाग ने उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसी केस को जल्द निपटाने विभाग के अधिकारियों ने रिश्वत मांगी थी। एसीबी के डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि, लोरमी निवासी अजीत कुमार वैष्णव ने एसीबी बिलासपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने

बताया कि, दिसंबर 2025 में वह अपने साथियों के साथ गाड़ी से अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुरही रेंज में घूमने गया था।

इस दौरान फायरिंग करते बनाया गया रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वन विभाग ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर लिया था। वे करीब 18 दिन तक जेल में भी रहे। जेल से छूटने के बाद शिकायतकर्ता केस में जल्द चालान पेश करने के लिए डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव से मिला। आरोप है कि, डिप्टी रेंजर ने चालान पेश करने में 4 से 5 लाख खर्च होने की बात कही और जब्त वाहन छोड़ने के लिए 70 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत सही पाए जाने के बाद ,छ्क्क ने ट्रैप की योजना बनाई। 26 मार्च को शिकायतकर्ता को रिश्वत की पहली किश्त देने के लिए मित्र मिलन रेस्टोरेंट भेजा गया। शिकायतकर्ता ने 50 हजार रुपए डिप्टी रेंजर को दिए, तभी ,छ्क्क की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया।

बिलासपुर में संपत्तिकर वसूली तेज, बकायादारों को नोटिस चस्पा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया है। शहर में विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं–सड़क, पानी, बिजली व साफ-सफाई–के लिए संपत्तिकर एक प्रमुख आय स्रोत है, लेकिन कई करदाता वर्षों से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे बकायादारों की लंबी सूची तैयार कर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है।नगर निगम द्वारा 20 से अधिक बड़े बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इनमें कुछ पर लाखों रुपये बकाया है, वहीं कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिन्होंने वर्ष 2016 से कर जमा नहीं किया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि एक माह के भीतर कर जमा नहीं करने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में विशेष वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं।

शराब के लिए पैसे न देने पर युवक पर जानलेवा हमला, तारबाहर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सरेराह मारपीट और गुंडागर्दी करने वाले बदमाश के खिलाफ तारबाहर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। शराब पीने के लिए पैसे की मांग पूरी न होने पर एक युवक पर धारदार वस्तु से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

घटना बीते 26 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे की है। प्रार्थी अपनी दुकान बढ़ाकर घर जाने की तैयारी में था, तभी उसे सूचना मिली कि शारदा होटल के सामने उसके छोटे भाई जैकी छाबड़ा के साथ मारपीट की जा रही है। मौके पर आरोपी भुवनेश्वर पटेल उर्फ भन्ना (35 वर्ष), निवासी देवरीखुर्द, जैकी से शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर रहा था।जब जैकी ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी आपा खो बैठा। उसने जैकी के

साथ न केवल अश्लील गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे एक नुकीले ब्लेड (थर्मोकोल कटर) से हमला कर दिया। हमले में जैकी के गले, पेट और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे) को घटना से अवगत कराया गया। उनके सख्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल और नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार (भापुसे) के मार्गदर्शन में तारबाहर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र अनंत के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी भुवनेश्वर पटेल को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया प्लास्टिक कवर वाला ब्लेड बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रशिक्षण : सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति चक्रवाल की बड़ी बात, भिक्षावृत्ति, हमारे विकास के दावों को भी चुनौती देती है। शिक्षा, कौशल विकास और सामूहिक सहभागिता से ही संभव है बाल भिक्षावृत्ति का स्थायी समाधान : कुलपति

'बाल विशेष सेवाएं' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार , नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बाल विशेष सेवाएं विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 26 मार्च को किया गया।

कार्यक्रम का थीम 'भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों के लिए विशेष सेवाएं'' रही। उद्घाटन समारोह के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, महोदय, प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सेमीनार का आयोजन किया गया।, कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा भिक्षावृत्ति केवल एक सामाजिक समस्या भर नहीं है, बल्कि यह समय के साथ एक आदत और कई स्थानों पर संगठित व्यवस्था का रूप ले चुकी है। यह स्थिति न केवल समाज की संवेदनशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि हमारे विकास के दावों को भी चुनौती देती है।इस समस्या के समाधान के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए समाज, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और प्रत्येक जागरूक नागरिक की सक्रिय और संयुक्त भागीदारी अनिवार्य है। हमें जरूरत है कि हम भिक्षावृत्ति को दान की दृष्टि से नहीं, बल्कि पुनर्वास और सशक्तिकरण की दृष्टि से देखें। शिक्षा

और कौशल विकास के माध्यम से ही हम इस समस्या की जड़ों को समाप्त कर सकते हैं। यदि हम जरूरतमंदों को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मनिर्भर बनने का साधन उपलब्ध कराएं, तो निश्चित रूप से वे मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव प्रोफेसर ए.के. दीक्षित ने कहा कि भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक चुनौती का समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि सामूहिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से संभव है। विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि, पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.सोमनाथ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बाल भिक्षावृत्ति एक गहरी और जमीनी हकीकत से जुड़ी समस्या है।

तकनीकी सत्र में छात्र-छात्राओं को किया प्रशिक्षित

कार्यक्रम के दौरान आयोजित तकनीकी सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों ने बाल भिक्षावृत्ति विषय पर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उपायों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई, जिसमें सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने छात्रों को समाजसेवा के क्षेत्र में प्रभावी और सार्थक कार्य करने के व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया तथा उन्हें संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सत्यनारायण राठौर (जिला बाल संरक्षण अधिकारी), राहुल पवार , दिव्या जायसवाल तथा प्रो. सुधांशु मोहपात्रा (अधिष्ठाता, विधि संकाय) सारवत नकवी राज्य सलाहकार, महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

अष्टमी-हवन आरती के बाद कन्याभोज

चारामा / नवप्रदेश। नवरात्र के आठव दिन अष्टमी और नवमी का पर्व एक साथ मनाया गया, माता के मंदिरों में सुबह अष्टमी हवन आरती के बाद कन्याभोज का आयोजन किया गया, कई मंदिरो में सिर्फ हवन किया गया और कन्याभोज नवमी की सुबह शुक्रवार को किया जायेगा। जिसके बाद जवारा और ज्योत विसर्जन किया जायेगा.

आंगनबाड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

चारामा / नवप्रदेश। नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 15 भाटापारा चारामा में बुधवार 25 जून 2026 को आंगनबाड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सम्माननीय पार्षद श्री लोकेश नागवंशी द्वारा 3 वर्षों के बच्चों का तिलक लगाकर व फूल माला पहना कर सम्मानित कर किया गया। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन आंगनवाड़ी आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी माता एवं पालको को सलाह दी गई की अपने बच्चों को आंगनबाड़ी तक छोड़ने की स्वयं की जिम्मेदारी ले व आंगनबाड़ी तक छोड़ें। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुश्री गंगा पोया, सुपरवाइजर सुश्री सुनीता मंडावी, उषा गावड़े हर्षलता जेकब, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी मटियारा, सहायिका रेखा कुंजाम,एवं अन्य महिलाये माधुरी, हेमलता, सीता व वार्ड वासी उपस्थित थे।

राजस्थान के साधुओं के दल को समाजसेवी संस्था ने कराया भोजन

कांकेर / नवप्रदेश। नगर के नामचीन समाजसेवी संस्था जनसहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी को जब यह सूचना मिली कि राजस्थान के अलवर से साधुओं का दल आया हुआ है।यह जानकर अजय पप्पू मोटवानी तथा जन सहयोग के सदस्यों ने साधुओं के दल का पता लगाया जन सहयोग संस्था ने सभी साधुओं का स्वागत एवं सम्मान भी किया। उनके लिए भोजन की व्यवस्था की, तथा वस्त्र एवं अन्न दान भी किया। साधुओं के दल का अंतिम पड़ाव दंतेवाड़ा में है, यह मालूम होने पर जन सहयोग द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता भी दी गई ।अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके साथी सहयोगियों ने सभी साधुओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अलवर राजस्थान से पहुंचे साधुओं की टोली में निवासी रामदास गोपाल दास पन्ना दास, बालक दास लहरी दास संगकारा दास लक्ष्मण दास पाल दास करण दास नाथूदास छोटे दास तथा मेहर दास जन सहयोग की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा सेवा कार्य में डॉक्टर श्याम देव, करण नेताम मनोज दुबे, आशुतोष देव, अक्षय तथा राजेश चौहान के नाम उल्लेखनीय है।

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

कांकेर / नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के नवमी के दिन रामनवमी के विशाल शोभायात्रा का जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने रैली में शामिल लोगों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव के नेतृत्व में कांकेर शहर में श्रीराम जी की सेना द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया गया एवं शोभायात्रा में शामिल जन समूह के लिए पानी पाउच की व्यवस्था की गई थी।श्रीराम जी की सेना के टीम सदस्यों को सम्मान पूर्वक शिल्ड देकर जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के तरफसे सम्मानित किया गया एवं समस्त शहर वासियों को राम नवमी महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्पय जितेंद्र सिंह ठाकुर महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा भौम सिंह नाग नितिन पोटाई मृदुला भास्कर अजय भास्वानी संग्राम नेताम विजय यादव भारती सलाम मुकेश तिवारी ओम प्रकाश देवांगन,मुन्ना ठाकुर आयुष तिवारी टुकू साहू,राजू दुबे शेष गजबिय सुमित राय सुरेश नाग सोमेश सोनी कमल नागवंशी खेमेंद्र ऊकये,विनय ठाकुर, प्रशांत तिवारी जिसान अली प्रतीक मेश्राम रॉबिन उपाध्याय एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

दण्डाधिकारी जांच: उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर /नवप्रदेश। थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत थाना जांगला के ग्राम बिरियाभूमि आदवाड़ा के जंगल में 19 दिसम्बर 2025 को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 01 अज्ञात पुरूष माओवादियों का शव सहित नक्सली साहित्य हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 10 अप्रैल 2026 तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

बस्तर मैराथन के विजेता खिलाड़ियों को अब तक नहीं मिली पुरस्कार राशि: कांग्रेस

जगदलपुर / नवप्रदेश।। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगते हुए बताया कि भाजपा सरकार द्वारा बस्तर सहित पूरे प्रदेश में अब तक इंवेट के नाम पर कुल 60 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है कही ऐसा तो नहीं कि जिला प्रशासन के द्वारा करोड़ो रुपए के सिर्फ होर्डिंग और पोस्टरों में पूरा पैसा लगा दिया गया और अब खिलाड़ियों को राशि देने पैसे खत्म हो गए कुल मिलाकर यह बस्तर मैराथन नहीं भाजपा का इवेंट था कांग्रेस पार्टी की मांग है खिलाड़ी को स सम्मान जीती हुई राशि दी जाए इस सरकार ने बस्तर ओलंपिक को भी अपना इवेंट बना दिया यह सरकार इवेंट वाली सरकार है शहरों का विकास कार्य ठप्प पड़े हैं गांवों में मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं धान नहीं खरीद पा रहे हैं 47000 से अधिक किसानों का धान खरीदी नहीं गया बेरोजगारों को रोजगार यह सरकार नहीं दे पा रही है कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल किया जा रहा है आंदोलन किया जा रहा है किन्तु इस निष्क्रिय सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है कांग्रेस पार्टी विपक्ष में होने के नाते प्रदेश के मुखिया व बस्तर के स्थानीय जनप्रतिनिधि जो कद्दावर नेता बनते फिरते हैं केदार कश्यप, किरण देव व सांसद महेश कश्यप से आग्रह करती है कि आप अपने सरकार को आईना दिखाए और कहे कि सरकार इवेंट से बाज आए जनता परेशान है लोगों को काम चाहिए विकास चाहिए इन सभी मुद्दों पर सरकार पैसा खर्च करे न कि इंवेट के नाम पर अपनी वाहवाही लूटाने में खर्च करे बस्तर के जनादेश का सम्मान कर कार्य करे। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, गौरनाथ नाग,उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी,महामंत्री अभिषेक नायडू,जाहिद हुसैन,नीतीश शर्मा,प्रवक्ता जावेद खान, शादाब अहमद,मुन्नूराम,पार्षद अफरोज बेगम,लोकेश चौधरी,मोहसिन खान,शहजाद हुसैन,खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची: मौर्य

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आगे कहा प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची हुई है देश के गृह मंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री जब जब बस्तर आते हैं आपराधिक घटनाएं होती है पूर्व में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में चोरी हो जाती है और अब बस्तर मैराथन में गृह मंत्री आते हैं तो कैदी फरार हो जाता है प्रदेश में अफीम का नशा के कारोबार पूरे जोरो पर चल रहा है।

अंतर्राज्यीय नेटवर्क पर वन विभाग की कार्रवाई, आरा मशीन और ट्रैक्टर भी जब्त

सागौन तस्करी पर वन विभाग का बड़ा प्रहार, 78 लाख की अवैध लकड़ी जब्त

सुकमा / नवप्रदेश। वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ सुकमा वन मंडल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में लाखों रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी जब्त कर अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह को करारा झटका दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पोलमपल्ली क्षेत्र में दबिश के दौरान वन अमले ने करीब 4 घन मीटर अवैध सागौन लकड़ी बरामद की। मौके से जनरेटर से संचालित आरा मशीन भी जब्त की गई, जिससे लकड़ी की अवैध चिराई की जा रही थी। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह लकड़ी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तक खपाई जा रही थी। वहीं रायगुड़ा गांव में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 21 नग सागौन के लठ्ठे (करीब 1.88 घन मीटर) और एक बिना पंजीयन का मेसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इसके अलावा, सुकमा वन परिक्षेत्र के पाकेला बीट में दो स्थानों से कुल 30 नग सागौन चिरान (0.802 घन मीटर) और गीदम बीट में बीजा प्रजाति के 77 नग चिरान (करीब 1.88 घन मीटर) भी जब्त किए गए हैं। वन विभाग के मुताबिक, सभी मामलों में जब्त लकड़ी की कुल अनुमानित कीमत 7 से 8 लाख रुपये के बीच आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस का भी सहयोग मिला, जिससे अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका।

वनों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएफओ सुकमा

डीएफओ अक्षय भोसले ने कहा कि वन संपदा की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कटाई और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी इसी तरह सघन अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वन संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

रामनवमी पर आम जनता को मिली बड़ी राहत: केदार

■ केंद्र के फैसले पर वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

जगदलपुर / नवप्रदेश।। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई बड़ी कटौती को लेकर छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देश के करोड़ों आम नागरिकों को सीधी राहत देने वाला है और इससे महंगाई के दबाव से जूझ रहे परिवारों को काफी सहारा मिलेगा।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पेट्रोल पर ?10 की भारी कटौती कर एक्साइज ड्यूटी को घटाकर ?3 करना और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त करना एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। इससे न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत कम होने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी कमी आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे आर्थिक संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद केंद्र सरकार ने जिस संवेदनशीलता के साथ यह फैसला लिया है, वह सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। इस कदम से किसानों, व्यापारियों, परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों और आम नागरिकों को व्यापक लाभ मिलेगा। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और ऐसे फैसले सरकार की आम जनता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी केंद्र सरकार इसी प्रकार जनहित में फैसले लेकर देशवासियों को राहत प्रदान करती रहेगी। वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में भी एक मजबूत और सराहनीय कदम है। यह फैसला सरकार की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और जनकल्याण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

रामनवमी का पर्व चारामा में धूमधाम से मनाया गया

चारामा / नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगर चारामा में श्रीराम जन्मोत्सव समिति एव नगरवासियो के सहयोग से रामनवमी का पर्व गुरुवार को भव्य रूप से मनाया गया। संध्या 07 बजे से नगर के प्रतिक्षा बस स्टैण्ड मे भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती की गई, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसके बाद भव्य शोभा यात्रा पुरे नगर में निकाली गई ।

शोभायात्रा के दौरान युवक युवतिया पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, युवक उद्योग के द्वारा अपने हाथों में भागवत ध्वज लेकर भगवान श्री राम और धार्मिक गीतों पर नृत्य किया गया,शोभा यात्रा बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर हायवे से कोरर चौक होते हुए नगर के सदर बाजार से होते नाकापारा से बस स्टैण्ड चारामा में समाप्त हुई, शोभा यात्रा में भगवान श्री राम, सीता और लक्ष्मण भगवान की झांकी भी निकाली गई,वही भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा के दर्शन प्राप्त कर लोगों ने आर्शीवाद प्राप्त किया, समिति की और से सभी को प्रसाद वितरण किया गया,इस शोभायात्रा में सभी हिन्दु भाई बहन सहित राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि गण भी शामिल रहे, और पुलिस की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

बिहान योजना से सशक्त हो रहीं महिलाएं

कांकेर / नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी द्वारा बाबूदबेना स्थित आजीविका सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आजीविका केन्द्र को खेती की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक, प्रदर्शनीय मॉडल, पशु पालन से संबंधित सामग्री, कृषि यंत्र एवं उन्नत बीज विभिन्न सरकारी योजनाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिला समूहों को लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से गरीब महिला किसानों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर जोर दिया।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित इंटिग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (आईएफसी) एवं आजीविका सेवा केन्द्र से ग्रामीण महिलाएं सशक्त हो रही हैं।

नक्शे में उलझी हकीकत, कागजों से मेल नहीं खा रही धरातल पर जमीन!

■ खसरा 1291/6 प्रकरण में अब नक्शा विसंगति आई सामने, बढ़ी जांच की मांग

कलेक्टर की अनुमति बिना आबंटित जमीन की रजिस्ट्री

नवप्रदेश लगातार

नवप्रदेश सुकमा । खसरा नंबर 1291/6, रकबा 0.360 हेक्टेयर की विवादित रजिस्ट्री के मामले में अब एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। पहले जहां बिना अनुमति रजिस्ट्री को लेकर सवाल उठे थे, वहीं अब राजस्व नक्शा और वास्तविक भूमि स्थिति में विसंगति ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।मिली जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि के नक्शा, बी-1, खसरा एवं रजिस्ट्री दस्तावेजों का मिलान करने पर सीमांकन और रकबे में अंतर दिखाई दे रहा है। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि नक्शे में दर्शाई गई भूमि की स्थिति और मौके पर मौजूद जमीन की भौगोलिक स्थिति में स्पष्ट अंतर है।

बताया जा रहा है कि नक्शे में दर्ज खसरा 1291/6 की सीमाएं आसपास के अन्य खसरों से मेल नहीं खा रही हैं। कुछ स्थानों पर सीमा रेखाएं खिसकी हुई या ओवरलैप होती हुई प्रतीत हो रही हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि या तो नक्शा अद्यतन नहीं किया गया, या फिर दस्तावेजों में जानबूझकर हेरफेर की गई है।

स्थानीय जानकारों का कहना है कि यदि नक्शा और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया जाता है, तो यह न केवल रजिस्ट्री प्रक्रिया की वैधता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि भविष्य में भूमि विवाद, अतिक्रमण और कानूनी जटिलताओं को भी जन्म दे सकता है। मामले को लेकर संबंधित भूमि का पुनः सीमांकन और नक्शा सत्यापन राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर कराए जाने कि मांग की गई है। राजस्व विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नक्शे में गड़बड़ी प्रमाणित होती है, तो यह मामला केवल एक रजिस्ट्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें राजस्व रिकॉर्ड प्रबंधन और फील्ड स्तर पर कार्यप्रणाली की गंभीर खामियां उजागर हो सकती हैं।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य मृदूला भास्कर का जताया आभार

मालगांव पंचायत को पानी टैंकर की सौगात

कांकेर / नवप्रदेश। शहर से सटे ग्राम पंचायत मालगांव में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर द्वारा ग्रामीणों की बहु प्रतीक्षित मांग को देखते हुए 26 मार्च 2026 को पानी टैंकर वितरण किया गया इस उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत मालगांव के सरपंच तेजू राम उसेंडी उपसरपंच रमई बाई मंडावी,वार्ड पंच सदस्य तथा ग्राम के प्रमुख सियान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

मालगांव के ग्रामीणों ने बताया कि विगत वर्षों से मालगांव का भूजल स्तर बहुत नीचे चला गया है।जिससे कई बोर असफल रहे है साथ ही नल जल योजना पूरे ग्राम में पानी पहुंचाने में असक्षम साबित हुआ है । मालगांव के ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर काफी परेशान थे। ग्रामवासी पानी की किल्लत से मानो जूझ रहे थे साथ ही विवाह व अन्य कार्यक्रमों के दौरान उन्हें अन्य अन्य गांव से पानी टैंकर का प्रबंध करना पड़ता था।

अब पानी टैंकर मिलने से लोगों को परेशानी नहीं होगी। जिला पंचायत सदस्य मृदूला भास्कर के अथक प्रयासों के चलते एवं पानी टैंकर की सौगात मिलने से गांव के लोग जिला पंचायत सदस्य मृदूला भास्कर का आभार जताया है।

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

कांकेर / नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने के निर्देश दिए दिए गए हैं। ऐसी महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लाभार्थी हैं तथा जिनका आधार प्रमाणीकरण (ईकेवाईसी) नहीं हुआ है, ऐसे सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी का कार्य त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना है। जिले के लगभग 01 लाख 80 हजार महिला हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराया जाना है।कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने महतारी वंदन योजना के समस्त हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी और सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को दिए हैं। ई-केवायसी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सभी वीएलई सीएससी ऑपरेटर्स एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों को ई-केवायसी प्रशिक्षण कराये जाने के लिए विकासखण्डवार तिथि निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि अनुसार 30 मार्च को जनपद पंचायत कांकेर में, 01 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 02 अप्रैल को जनपद पंचायत नरहरपुर में ई-केवायसी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

रामनवमी पर जिले में 6 स्थानों पर प्याऊ घरों का शुभारंभ, राहगीरों के लिए जल सेवा अभियान शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के तत्वाधान में जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं निर्देशक तथा जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में जिले में कुल छः स्थानों पर रामनवमी के पावन अवसर पर प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंग खालसा द्वारा पूरे राज्य में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं समाजसेवी इत्यादि के सहयोग से प्याउ घर खोलने और प्यासे राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए जारी आदेश के परिपालन में जिला संघ के जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त गाइड सृष्टि शर्मा, ब्लॉक सचिव जय बहादुर सिंह खांडेकर, ब्लॉक सचिव पथरिया विवेक केसरवानी के सक्रियता के फ्लस्वरुप जिला मुख्यालय में चार एवं जिले में छः स्थानों में प्याउ घर का उद्घाटन और शुभारंभ हुआ। मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम रामगोपाल तिवारी वार्ड पुलपारा में संपन्न हुआ। जहां नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा के सौजन्य से हनुमान मंदिर के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

जिसमें जेठमल कोटड़िया अध्यक्ष, राणा प्रताप सिंह ठाकुर जिला मुख्य आयुक्त, रामशरण यादव उपाध्यक्ष, संतोष कुमार यादव कोषाध्यक्ष, कुणाल पांडेय तहसीलदार मुंगेली, चंद्रकांत राही अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली, अशोक सोनी डीएमसी मुंगेली, स्वतंत्र मिश्रा,

उमाकांत सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार नवरंग प्राचार्य, राजेन्द्र दिवाकर डीटीसी स्काउट, शीला जायसवाल, चंपालाल सुथार आजीवन सदस्य, अवधेश पाठक, राहुल पाठक, मोनू बेलदार जिला सचिव, सृष्टि शर्मा डीओसी गाइड मुंगेली, जय बहादुर खांडेकर ब्लॉक सचिव मुंगेली सहित स्काउट रुद्रकुमार, देवकुमार एवं विक्रमजीत अंबेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली, साथ ही विवेक कुमार साहू कोना तथा रेंजर बमलेश्वरी साहू, मोनिका पात्रे, मुस्कान डाहिरे, जया घिर्रे, सौम्या घिर्रे, रोशनी घिर्रे तथा रोवर दिव्यांशु साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोना एवं गाइड्स स्नेहा, अनामिका, अंबेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली सहित अन्य स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिला मुख्यालय मुंगेली शहर में आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा, हनुमान मंदिर परिसर में सृष्टि शर्मा डीओसी गाइड मुंगेली के सौजन्य से तथा सुरीघाट मुंगेली में रमेश यादव, उर्मिला रमेश यादव पूर्व सभापति जिला पंचायत मुंगेली के सौजन्य से एवं बालानी चौक मुंगेली में नरेन्द्र देवांगन, मां कल्याणी वस्त्रालय के सौजन्य से प्याउ घर शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र दिवाकर ने किया।

न्यूज गैलरी

सीपत तहसील में 3376 हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ

सीपत/नवप्रदेश। सीपत तहसील में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे डीबीटी माध्यम से भेजी गई, जिससे हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में 20 पात्र हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए, जबकि सीपत तहसील के कुल 3376 भूमिहीन कृषि मजदूरों को इस योजना का लाभ मिला। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मस्तूरी अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सरकार का गरीब और भूमिहीन परिवारों के सम्मान का संकल्प है। हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि कोई भी जरूरतमंद पीछे न रह जाए। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष (ग्रामीण) राज्यवर्धन कौशिक ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में राशि पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो चुकी है और लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाएं सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाती हैं, जो हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित है। इस दौरान ठरकपुर, पोड़ी, सीपत, पंधी और कौड़िया सहित विभिन्न ग्रामों के हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया, जिनमें अनीता, सोहनलाल राज, मनबोध नेताम, अभिमन्यु पटेल, राजकुमार यादव, सत्तल ढीमर, शनिचराम धीवर, रामेश्वर कुर्रे, मोहम्मद रहमान, संजय कुमार वर्मा, रामायण प्रसाद भोई, शिवकुमारी यादव, मीना साहू, सविता यादव, लक्ष्मी प्रसाद राठौर, संजीवन राठौर, लखनलाल यादव सहित अन्य शामिल रहे।

जिले में खिलेंगे मार्शल आर्ट के सितारे डिफेंस ताइक्वांडो क्लब का कैंप 1 अप्रैल से

सीपत/नवप्रदेश। खेल और आत्मरक्षा के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहे डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य समर कैंप का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। पिछले चार वर्षों से निरंतर प्रशिक्षण दे रहे इस क्लब ने जिले के बच्चों को न केवल मार्शल आर्ट की बारीकियां सिखाई हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाकर गौरवान्वित भी किया है। क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर के मार्गदर्शन में यहां के कई खिलाड़ियों ने नेशनल स्तर पर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अब समर कैंप के माध्यम से नए खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने और बड़े मंच तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि यह समर कैंप केवल खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की मजबूत सीख भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ साथ मानसिक रूप से भी सशक्त करना है। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा, जिससे उनके करियर को नई दिशा मिलेगी।

जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने किए 35 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सोंठी में मंगलवार को विकास की नई इबारत लिखी गई, जब जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने जनपद सदस्य लक्ष्मीन देव सिंह पोर्ते, सरपंच श्रीमती नीमा गोपी वस्त्रकार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान परसापाली में 8 लाख 20 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड, पिपरानार में 1 लाख 50 हजार रुपए से मैच मैदान मरम्मत का भूमिपूजन किया। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने खम्हरिया में 5 लाख रुपए की नाली निर्माण, बिटकुला में 2 लाख 10 हजार रुपए का हेडपंप तथा उड़ागी पंचायत के अमानारा में 60 हजार रुपए से सार्वजनिक मंच मरम्मत , कौवाताल में 4 लाख की लागत से प्राथमिक शाला का अहाता निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। कुल मिलाकर लगभग 35 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को मिली। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि हमारा संकल्प है कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे। सड़क, पानी, खेल मैदान और मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे आने वाले समय में गांवों की तस्वीर बदल देंगे। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और उसी के बल पर हम निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

निष्क्रिय आधार नंबरों को फिर किया गया है सक्रिय

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में डिएक्टिवेट एवं निष्क्रिय हो चुके आधार नंबरों को पुन: सक्रिय कर नागरिकों को उनकी पहचान और अधिकार वापस दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने प्रभावी पहल की है। बुधवार को सृजन सभा कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लेकर अपने आधार का पुन: सत्यापन कराया।

पूर्व सूचना एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से हितग्राहियों को शिविर में आमंत्रित किया गया, जिससे सुव्यवस्थित उपस्थिति सुनिश्चित हुई। शिविर में उपस्थित प्रत्येक हितग्राही के आधार का गहन सत्यापन करते हुए बायोमैट्रिक अपडेट एवं लाइव फोटो लिया गया। साथ ही पहचान और पते से संबंधित दस्तावेज जैसे वोटर

आईडी, राशन कार्ड आदि का भी सत्यापन किया गया। यह पूरी प्रक्रिया भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), हैदराबाद से आए मैनेजर मोहम्मद सोबान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। शिविर में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सीएससी जिला प्रबंधक और जिले के आधार ऑपरेटरों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए इसे सफल बनाया। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि मोहम्मद सोबान ने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने में लगभग 2 से 3 माह का समय लगेगा, जिसके पश्चात वर्तमान में निष्क्रिय आधार नंबरों को पुन: सक्रिय कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की यह पहल उन नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जिनकी पहचान किसी कारणवश निष्क्रिय हो गई थी।

15.75 लाख के राशन घोटाले में सरपंच पति सहित तीन पर केस

***तहकीकात में पर्दाफाश हुआ गड़बड़ी**

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के लखनपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटिन्दा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन हेराफेरी किये जाने का बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल ग्राम कटिन्दा राशन दुकान लम्बे समय से सुर्खियों में रहा है। लिहाजा मामले में सरपंच पति सहित स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों से

मिली जानकारी के मुताबिक खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर की रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने सरपंच पति कुदरत बहाल सिंह गणेश स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कविता सिंह और उपाध्यक्ष दिलसाय के खिलाफ मामला दर्ज किया है आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 318 (4) 316(3)(5) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद किया गया है। बताया जा रहा है की 23 फरवरी 2026 को ग्रामीणों की शिकायत पर खाद्य निरीक्षक ग्राम कटिंदा की उचित मूल्य दुकान की जांच पड़ताल करने पहुंचे दुकान का संचालन गणेश स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समूह के नाम पर सरपंच पति कुदरत बहाल सिंह ही राशन दुकान का संचालन कर रहे थे और राशन वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही थी जांच के दौरान खाद निरीक्षक ने पाया कि कल 380.53 क्विंटल चावल 12.5 क्विंटल शक्कर 5.5 क्विंटल चना और 23.64 क्विंटल नमक का गवन किया गया है जिसकी कुल कीमत 15 लाख 72 हजार 32 रुपए आंकी गई है। तहकीकात में मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित कटिन्दा राशन दुकान संचालक के काले कारगुजारियों के चलते काफी बदनाम रहा है। वहीं सियासी दल आम आदमी पार्टी सहित स्थानीय लोगों ने आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

50 टीबी मरीजों को पोषण आहार किट बांटी

सक्ती/नवप्रदेश। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) द्वारा सक्ती जिले के क्षय रोग से पीड़ित 50 मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जेठा स्थित कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने मरीजों को किट प्रदान किए।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, व्हीएलसीटीपीपी और राज्य क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत व्हीएलसीटीपीपी ने 'निक्षय मित्र' के रूप में मरीजों को छह माह तक पोषण सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई है। जिले में वर्तमान में लगभग 250 टीबी मरीज चिन्हित हैं, जिन्हें जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राथमिकता के आधार पर पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वेदांता पावर के सामुदायिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम 'आरोग्य' के अंतर्गत जरूरतमंद मरीजों को प्रतिमाह पोषण किट वितरित किए जाएंगे। किट में दालें, फलियां, सोया आधारित सप्लीमेंट और खाद्य तेल शामिल हैं, जिससे मरीजों को आवश्यक कैलोरी और प्रोटीन मिल सके।

महामाया मंदिर में अष्टमी पर हवन-पूजन

सक्ती/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व के अवसर पर 26 मार्च को महामाया मंदिर में अष्टमी हवन का आयोजन हुआ। विद्वान पुरोहित संजय पाण्डेय ने विधि-विधान के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ हवन पूर्ण किया। इसके बाद आरती हुई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, चितरंजय पटेल, लीलाधर चंद्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सुंदर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बंटी शर्मा, अमित शर्मा, रोहित देहारे, अजय (अज्जू), राजू भैय्या, गजाधर यादव पार्षद, गजराज बैगा (पुजारी) सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने आहुति देकर अष्टमी हवन में भाग लिया।राज परिवार के धर्मेंद्र सिंह ने प्रथम पूजा अर्चना करते हुए दिवंगत सुरेन्द्र बहादुर सिंह और किशन अग्रवाल को याद किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को नवरात्र पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र हमें माता के प्रति भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है। नवरात्र के दिनों में माता के भजन चारों ओर गूंज रहे हैं।

चांदी पहाड़ के जंगल में लगी आग

जांजगीर/नवप्रदेश। बुधवार की रात चांदी पहाड़ के जंगल में आग लग गई, जो गुरुवार दिनभर धधकती रही। सूचना मिलने के बाद वन कर्मी गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, तब तक आग काफी क्षेत्र में फैल चुकी थी, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर साल महुआ सीजन में इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन इस बार आगजनी के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

प्रशासन ने परिजनों को समझाया, नाबालिग का विवाह रुकवाया

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में नाबालिग लड़की की शादी की जा रही थी। प्रशासन को सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए विवाह कार्यक्रम को रोक दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। दरअसल गुरुवार को प्रशासन को सूचना मिली कि शहरी क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़की का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही महिला-बाल विकास विभाग, पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने सामुदायिक भवन पर दबिश दी। जहां शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थी, लेकिन

टीम ने शादी रोकी और परिजनों से लड़की की आयु से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा गया। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि लड़की की आयु केवल 16 साल 5 महीने 13 दिन है, जो विवाह के लिए आवश्यक 18 साल से कम है।

परिजनों को लिखित घोषणा पत्र भी भरवाया

टीम ने तुरंत शादी रुकवा दी और स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। अधिकारियों ने लड़की के परिवार को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। परिवार से एक लिखित घोषणा पत्र भी भरवाया गया, जिसमें उन्होंने शपथ ली कि लड़की के 18 साल की आयु पूरी होने से पहले उसकी शादी नहीं की जाएगी।

आस्था: मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई

महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में विशेष हवन-पूजन का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। चैत्र मास नवरात्रि के मौके पर शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से लेकर नौवमी तिथि तक नौ दूर्गा माता शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चंद्रघंटा कूष्मांडा स्कंदमाता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी और सिद्धिदात्री के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा अर्चना किये जाने के श्रृंखला में गुरुवार अष्टमी तिथि को मां गौरी की पूजा की गई।

लखनपुर राज परिवार के सदस्यों ने महामाया मंदिर पहुंच अपने कुल देवी कात्यायनी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। दर्शनार्थियों के जयकारे से मंदिर गूंज उठा। पंडित पुजारियों आदि शक्ति मां महामाया के महापूजा करने पश्चात विशेष हवन आरती किये । महाअष्टमी पर क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। कहा जाता है मां के दरबार से कोई खाली नहीं जाता। माता भक्तों ने देवी मां के चरणों में माथा टेक सुख समृद्धि इच्छित मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना किये। नगर के बाजार पारा स्थित प्राचीन भवानी मंदिर में भी भक्तों ने हाजरी लगाया सच्चे मन से आने वाले हर भक्तों की कष्ट बाधा सिंह वाहिनी मा भवानी दूर करती है। मां भवानी के दरबार में सेवक ग्राम बैगाओ ने मां भवानी से भक्तों के खुशहाली मंगलकामना के लिए विनय

किये। इसी कड़ी में लोक देवी रामपुरहहीन माई के शक्तिपीठ पर भी महाअष्टमी के मौके पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। माता रामपुरहीन के दरबार में बारहों महीने दर्शनार्थियों का आगमन होता रहता है परंतु शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि में दूर-दूर से दर्शनार्थी धाम में पहुंचते हैं। यहां सच्चे हृदय से माता रानी के अलौकिक शक्ति का स्मरण करते ही इनकी कृपा से सब बाधाएं दूर हो जाती है सबकी मन्नतें पूरी होती है। पर्वत शिखर पर चट्टानो के मध्य विराजमान माता के दर्शन को भक्त दौड़े आते हैं।इस धाम में बैगाओ द्वारा पूजा किये जाने की प्रथा रही है इच्छित भक्तों के द्वारा तेल अथवा घी के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराये जाते हैं। इस पावन धाम में सबकी मनोकामनाएं पूरी होती है। माता से जुड़ी अनेक लोक कथाएं प्रचलित हैं।चैत्र नवरात्र में माता रामपुरहीन के दरबार एवं रामगढ़ में 15 दिवसीय मेले का आयोजन होता है । विश्व प्रसिद्ध रामगढ़ पर्वत में रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण भक्त हनुमान जी की दर्शन पूजन करने की परिपाटी रही है। बच्चों के मुंडन कराने सत्यनारायण कथा सुनने तथा अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर दर्शन के लिए तथा मेले का आनंद उठाने पहुंचते हैं। आसपास गांव के ही नहीं अपितु देश-प्रदेश से भी पर्यटक यहां पहुंचते हैं। रमणीक रामगढ़ पर्वत शिखर गुफाओं प्राकृतिक सुन्दरता के लिए मशहूर है। खासकर सीता बेगरा हथफोड लक्ष्मण बेगरा जोगीमाडा चंदन तालाब सीता तालाब छोटे तुर्रा के गुफाएं काफी प्रशंसनीय है। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विहंगम उंचाई वाले पर्वत शिखर पर पानी पिलाने भोजन नास्ते के लिए पंडाल लगा कर आने-जाने वाले दर्शनार्थियों की नि:शुल्क सेवा की जाती है।

भक्ति में डूबा मुंगेली: रामनवमी पर महाआरती, झांकी और सुंदरकांड का हुआ आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में भगवान श्रीराम के प्राकट्य उत्सव रामनवमी को लेकर जबरदस्त उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है।

शहर के मध्य स्थित प्रमुख श्रीराम मंदिर में इस पावन पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-रोगन और विशेष प्रकाश व्यवस्था से भव्य रूप दिया गया है, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से सराबोर नजर आ रहा है।मंदिर समिति के अनुसार 27 मार्च को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों और वैदिक विधि-विधान के साथ किया । जिसमें महास्नान और अभिषेक के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया । इसके पश्चात भगवान श्रीराम को नवीन वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित कर उनका आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे शंख, घंटी और गाजे-बाजे के साथ भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 'भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी' जैसे भजनों और मंगलगान की स्वर लहरियां गूंजी महिलाओं द्वारा सस्वर बधाई गीत गाकर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बनाया । महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया था। प्रसाद के रूप में पंचामृत, पंजरी और मौसमी फलों का वितरण किया। आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी शाम 4 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली, जो विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। इस शोभायात्रा में राम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा में गुंजती रही।

न्यूज गैलरी

जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, संगठन में दिखा उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से सूची जारी की। उनके नेतृत्व में संगठन में संतुलन और सक्रियता देखने को मिल रही है। नई टीम में अभिलाष सिंह को लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने सचिन पायलट, भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। कार्यकारिणी के गठन से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और संगठन को मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है।

सोलर विलेज के तौर पर बासिन गांव हुआ चयनित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अक्षय ऊर्जा से सक्षम भारत' के संकल्प को साकार करते हुए राजिम विधानसभा के ग्राम बासीन को सोलर विलेज के रूप में चयनित किया गया है। अक्षय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की योजना के अंतर्गत बासीन को सौर ऊर्जा आधारित मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के नेतृत्व और सक्रिय पहल को दिया जा रहा है। बासीन अब सौर ऊर्जा से जगमगाने वाला आदर्श गांव बनेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

करंट से युवक की मौत, 6 आरोपियों को भेजा जेल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाई गई करंट वाली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत के मामले में पुलिस और वन विभाग ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि पकड़े गए आरोपियों ने पिछले सात महीने से असकला पंचायत के मडियाकोना जंगल में 1.5 किलोमीटर के एरिया में जीआई तार से शिकार के लिए जाल फैला रखा था। वन विभाग की टीम ने पूरे तार को जब्त कर लिया है। बता दें कि मंगलवार रात की घटना के बाद जब सुबह बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे तो शिकार लगाने वाले युवक का साथी भी वहां पहुंचा और अनजान बनकर घटना की जानकारी लेने लगा, तभी वन विभाग की टीम ने हुलिया और हाव भाव देखकर उसे किनारे ले जाकर सख्ती से पूछताछ की तो युवक डर के कारण अपने साथियों का नाम बताने लगा। जब उसके साथी को पकड़कर थाने ले गए, पुलिस ने थोड़ा डराया तो युवक टूट गया और जाल बिछाने वाले साथियों का नाम बता दिया। कार्रवाई होती देख दो जाल बिछाने वाले दो मुख्य आरोपी भाग गए, जिन्हें बाद में पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा। फिलहाल पुलिस ने मामले में मड़ियाकोना का रहने वाला जहूर साय (70), जयपाल साय (45) निवासी धवईढोढ़ी, निर्मल कुजूर (65), घुर साय (38), विश्वनाथ माझी (46), श्यामसुन्दर कुजूर (25) निवासी धवईढोढ़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

डुमरिया से केवरा तक 18 किमी सड़क चौड़ीकरण मंजूर

लखनपुर/नवप्रदेश। भटगांव विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को लेकर बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र की विधायक और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से ब्लॉक भैयाथान अंतर्गत डुमरिया (एनएच-43) से केवरा तक लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण और पुलिया निर्माण के लिए 3041.18 लाख (करीब 30.41 करोड़) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। योजना में सड़क चौड़ीकरण के साथ आवश्यक स्थानों पर पुलिया निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, भूमि उपलब्धता और निविदा प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके। इस सड़क के निर्माण से डुमरिया से केवरा तक आवागमन काफी सुगम हो जाएगा। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के रूप में मिलेगा।

ग्रापं पड़ौली में घर-घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल, महिलाओं को मिली राहत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के लुण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़ौली में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने की पहल ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। पानी की समस्या से परेशान पड़ौली गांव के लोगों को अब शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल रही है।पहले गांव की महिलाओं को कठिनाईयों का सामना कर दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, लेकिन अब हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचने लगा है। इस योजना ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया, बल्कि गांव की महिलाओं के जीवन को भी पूरी तरह बदल दिया। गांव की महिला देवराजो यादव अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के बारे में बताती हैं कि उन्हें पहले कुएं और हैंडपंप से पानी लाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था।

मां के दरबार में लगी भक्तों की भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर्व में आज अष्टमी तिथि पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक भीड़ लगी रही। मंदिरों में दिन भर हवन पूजन चढ़ोतरी होते रहा। मंदिरों में माता व ज्योति कलश के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

नवरात्रि में अष्टमी तिथि पर सुबह से दिन भर देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खर्रीपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर मल्हापारा सहित अनेक मंदिरों में भक्तो का तांता लगा रहा। अष्टमी के अवसर पर विविध अनुष्ठान हुए। महिलाएं श्रृंगार की सामग्री एवं अठवाई चढ़ाने के लिए सुबह 5 बजे से ही मंदिर में पहुंच गए थे। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में सुबह से लेकर रात्रि तक पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। पूरे विधि-विधान से माता का श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना की गई। दूरदराज से माता के दर्शन करने आए भक्तों ने पूजा अर्चना की। फूल, मालाएं, श्रीफल और माता की श्रृंगार सामग्री चुनरी आदि अर्पित किए। वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है। पूरे नवरात्रि तक माता की भक्ति विशेष पूजा अर्चना मंदिरों में आयोजित हो रही है। इसके अलावा भोग भंडारा भी आयोजित की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे है। अष्टमी तिथि पर मंदिरों में हवन अनुष्ठान होते रहे, जो देर रात तक चला। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में हवन में मुख्य यजमान के रूप में महामाया मंदिर के पुजारी जोगी परिवार ने हवन संपन्न कराया। हवन के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

नवरात्रि अष्टमी पर घर-घर कन्या भोज

अष्टमी में हवन पूजन के पूर्व कन्या भोज कराते रहे। मंदिरों सहित घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा अर्चना की जाती रही। कन्याओं को श्रृंगार समाग्री भेंट की गई। क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को लेकर भक्ति-भाव का माहौल बना हुआ है। अष्टमी तिथि में नगर के देवी मंदिर महामाया मंदिर सोनारपारा, पंडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर, महामाया मंदिर दाउपारा, जय मां दुर्गे मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, हथनीकला स्थित दुर्गा मंदिर, सेतगंगा स्थित सर्वेश्वरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालू भक्तजनों की भीड़ लगी रही। अष्टमी में हवन पूजन के पूर्व कन्या भोज कराते रहे। देवी मंदिरों में शाम से लेकर रात्रि तक हवन किया गया। घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा अर्चना की जाती रही। कन्याओं को श्रृंगार सामग्री भेट की गई। मुहूर्त अनुसार मंदिरों में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सम्मिलित हुए।

रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा

लखनपुर/नवप्रदेश। रामानुजनगर वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर एकल अभियान अंचल सूरजपुर के तत्वावधान में रामानुजनगर (श्रीनगर) में भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया।कार्यक्रम की शुरुआत एकल कार्यालय से शोभायात्रा निकालकर की गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों, भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ शिव मंदिर प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे थे और पूरे मार्ग में भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शिव मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने वर्ष प्रतिपदा के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

यज्ञ और भजन संध्या से भक्तिमय हुआ गायत्री प्रजापीठ

लखनपुर/नवप्रदेश। गायत्री प्रजापीठ सावारावा में चैत्र नवरात्रि पर यज्ञ पूर्णाहुति और कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें अनिल कुशवाहा, रमेश साहू, आनंद, प्रेम शंकर व श्रवण विश्वकर्मा ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

उनके भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी रामनारायण कुशवाहा, रामस्वरूप यादव, दिनेश व विनीत ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था संभाली। वहीं यज्ञ की तैयारियों व संचालन में शिवरात्रि, क्रांति, अनुराधा और स्थानीय स्कूल की शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। कन्या भोज कार्यक्रम में कन्याओं का स्वागत किया गया और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। साथ ही सभी अतिथियों के लिए भी उत्तम भोजन व्यवस्था की गई। इसमें प्रदीप कुशवाहा, सूरज, सुनील व नयन सुख सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

होटल में रुके सेल्समैन ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के दीवान तालाब इलाके में स्थित होटल के कमरे में प्राइवेट कंपनी के सेल्समैन ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। वह बुधवार को ही होटल में रुका था। देर शाम उसने अपने दोस्त के साथ होटल में कुछ देर बातचीत की। दोस्त जब चला गया तो उसने खाना खाया, फिर बेडशीट के सहारे सीलिंग फैन से फांसी लगा ली। घटना के बारे में रात 10 बजे तब पता चला जब, मोबाइल पर घर वालों से उसकी बात नहीं हो पा रही थी। घर वालों ने उसके दोस्त को फोन लगाया तो होटल और वहां के नंबर के बारे में उन्हें पता चला। फिर घरवालों ने होटल में फोन किया तो मैनेजर ने रोशनदान से कमरे में देखा तो घटना के बारे में पता चला। अंदर जबलपुर निवासी 28 वर्षीय मो. इरफान फांसी से लटका हुआ था। सूचना पर पुलिस पहुंची और कमरे को सील कर दिया। कमरा अंदर से बंद था।

पीजी कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन, विधि विद्यार्थियों ने अदालत की प्रक्रिया को समझा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पीजी कॉलेज अंबिकापुर के विधि विभाग में विद्यार्थियों को न्यायालयीन प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से मूट कोर्ट का आयोजन किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन और मूट कोर्ट प्रभारी डॉ. माधवेन्द्र तिवारी के निर्देशन में हुआ। छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाम रामलाल यादव प्रकरण पर आधारित मूट कोर्ट प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्रों ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न धाराओं का प्रयोग करते हुए केस की सुनवाई का वास्तविक रूप प्रस्तुत किया। मूट कोर्ट में विद्यार्थियों ने न्यायाधीश, अधिवक्ता, पीड़ित, विवेचक, गवाह व अर्दली जैसी विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने न्यायालय की कार्यप्रणाली, तर्क-वितर्क और साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को जीवंत रूप में दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार सहित डॉ. मिलेन्द्र सिंह, डॉ. तरुण राय और पूनम सोनवानी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष...

अनमोल खजाना उपेक्षित: अलेक्जेंडर...

में आया, लेकिन पिछले 38 वर्षों से लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है। अमीर मिट्टी पर रहने वाले स्थानीय निवासी आज भी गरीबी, पिछड़ेपन और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अनमोल खजाना उपेक्षित है। अलेक्जेंडर पत्थर से रत्नगर्भा गरियाबंद के विकास को नया पंख लगा सकता है।

भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी थी कि खदान के वैज्ञानिक दोहन से प्राप्त राजस्व को क्षेत्र के विकास कार्यों में लगाया जाएगा, लेकिन सत्ता संभाले लगभग सवा दो वर्ष पूरे होने को हैं, फिर भी देवभोग इलाका उपेक्षित ही पड़ा है। विकास कार्यों को गति देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। क्षेत्र के लोग आरोप लगा रहे हैं कि सरकार अलेक्जेंडर खदान के प्रति गंभीर नहीं है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है, जिससे पत्थर तस्करों को खुली छूट मिल गई है।

पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज...

आधार पर रेट तय करती हैं। कंपनियां इस छूट का इस्तेमाल अपने पिछले घाटे की भरपाई के लिए करेंगी।

तेल कंपनियां दाम क्यों नहीं घटाना चाहतीं?

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक तेल कंपनियां फिलहाल पेट्रोल पर 24 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपए प्रति लीटर का घाटा सह रही हैं। वेस्ट एशिया में चल रहे तनाव के कारण तेल कंपनियां महंगा क्रूड खरीद रही थीं, लेकिन उन्होंने घरेलू बाजार में दाम नहीं बढ़ाए थे। कंपनियां अब इस टैक्स कटौती का इस्तेमाल मार्जिन को स्थिर रखने में करेंगी।

महासमुंद में पकड़ाया...

लेने पर पिकअप में छुपाया गया गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजे को ओडिशा के संबलपुर से उत्तर प्रदेश के चित्रकूट ले जाने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए 6 आरोपियों में से 2 मध्य प्रदेश और 4 उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान कुल 1 करोड़ 25 लाख 20 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें 2 क्विंटल 25 किलो गांजा (1,12,50,000), एक पिकअप वाहन (ओडी 15 व्ही 4676) (5,00,000), एक हुंडई ऑरा कार (यूपी 96 क्यू 3658) (7,00,000) और 6 मोबाइल फोन (70,000) शामिल हैं।

आरटीई सीटों में कमी पर...

सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा था कि जब पहले आरटीई के तहत करीब 85 हजार सीटें थीं तो उनमें लगभग 30 हजार की कमी कैसे आई। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इस बार सुनवाई में राज्य की ओर से बताया गया कि सचिव चुनाव आयोग की ड्यूटी के कारण असम में तैनात हैं, इसलिए उनकी जगह संयुक्त सचिव ने 21 मार्च को हलफनामा प्रस्तुत किया। कोर्ट ने इसे रिकॉर्ड पर तो ले लिया, लेकिन उसमें दी गई जानकारी पर असंतोष जताया।

नव कन्याओं के सामने सीएम...

महाराज (गुरुधाम मुंडियापानी, लैलूंगा, रायगढ़) के आशीर्वाद में किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि में यह महायज्ञ वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में भक्ति संगीत, कथा-प्रवचन और विविध धार्मिक अनुष्ठानों से बगिया पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

छत्तीसगढ़ की जेलों में चार...

भीड़, डॉक्टरों के रिक्त पदों और इस समस्या के समाधान के लिए उठाए गए कदमों से संबंधित आंकड़े शामिल करने को कहा है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ की विभिन्न जेलों में पिछले चार वर्षों में कुल 285 कैदियों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 90 मौतें 2022 में और 66 मौतें जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच हुईं। राज्य सरकार ने विधानसभा में कैदियों की मौत के पीछे आत्महत्या और लम्बी बीमारियों को कारण बताया है।

होने के साथ चिकित्सकों की कमी

आयोग ने कहा है कि रिपोर्ट में डॉक्टरों और मनोचिकित्सकों की कमी की जानकारी सही है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मामला बनता है। इसलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और जेल डीजी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने रिपोर्ट में जेलों में कथित रूप से अधिक भीड़भाड़, डॉक्टरों के रिक्त पदों और इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से संबंधित आंकड़े भी शामिल करने को कहा है।

मंत्री गजेन्द्र ने दी रामनवमी की शुभकामनाएं

■ महाअष्टमी पर देवी मंदिर में पूजा-अराधना

दुर्ग/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर शहर विधायक व केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन किये। इस दौरान गजेंद्र ने खीर-पूड़ी और खिचड़ी के भोग-भंडारा में हाथ भी बंटाया। मंत्री यादव ने कहा कि समस्त देवी शक्ति का स्वरूप होती है। नौ दिनों तक हम सभी ने माता की भक्ति की है, उसका आशीर्वाद मिलेगा। अष्टमी पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव परिवार सहित चंडी मंदिर और बैगापारा स्थित शीतला मंदिर पहुँचे और देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिए।

प्रदेशवासियो की उन्नति-प्रगति के लिए कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद ज्योत जंवारा के भी दर्शन किये। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का अभिवादन कर धर्म आस्था के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनायें दी।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने रामनवमी पर्व के अवसर पर दुर्गवासियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चल कर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। प्रभु राम आदर्श के प्रतीक हैं और उनके आदर्शों पर चलने से श्रेष्ठ विचारों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता है। एकता को भी मजबूत करता है। हम सभी को रामनवमी पर्व श्रीराम के गौरवशाली आदर्शों के अनुरूप शांति और सद्भावना के वातावरण में मनाना चाहिए।

मंत्री ने किया बस में सफर

प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बुधवार को आम नागरिकों की तरह यात्री बस में सफ़र किया। वे धमधा से दुर्ग बस स्टैंड तक बिना किसी प्रोटोकॉल के सामान्य यात्री की तरह बस में बैठे और सहयात्रियों के साथ सहजता से संवाद किया। मंत्री यादव ने यात्रियों से समस्याओं, सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। यादव ने बताया कि वे पारिवारिक कार्य से पथरिया गए थे। वापसी के दौरान दुर्ग तक अनमोल ट्रेवल्स की सवारी बस में यात्रा करने का अवसर मिला। इस यात्रा से आमजन के बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है। बस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीण अंचलों के यात्रियों और शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों और गुणवत्ता सुधार के उपायों पर विचार साझा किए। मंत्री गजेंद्र ने सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन स्तर पर इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

अप्रैल से जून तक तीन चरणों में 'राजस्व पखवाड़ा' शिविर

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश भर में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'राजस्व पखवाड़ा 2026' के आयोजन किया जा रहा है । कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के राजस्व न्यायालयों के कार्यों को सुचारू बनाना, समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना और आम जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करना है। शासन के निर्देशानुसार यह पखवाड़ा वर्ष 2026 में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक, द्वितीय चरण 4 मई से 18 मई तक और तृतीय चरण 1 जून से 15 जून तक संचालित होगा।

तहसील दुर्ग के अंतर्गत प्रथम चरण के लिए ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत निर्धारित तिथियों पर विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। 1 अप्रैल को ग्राम पंचायत बोरई, ग्राम पंचायत कोटनी, ग्राम पंचायत नगपुरा, ग्राम पंचायत ढाबा, ग्राम पंचायत भेड़सर और ग्राम पंचायत सिरसाखुर्द में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 2 अप्रैल को ग्राम पंचायत जेवरा, ग्राम पंचायत करंजा भिलाई, ग्राम पंचायत अरसनारा, ग्राम पंचायत ननकट्ठी और ग्राम पंचायत खेदामारा में राजस्व कार्यों का संपादन होगा। 3 अप्रैल के लिए ग्राम पंचायत ढौर, ग्राम पंचायत कुटेलाभाठा और ग्राम पंचायत चिखली में शिविर स्थल निर्धारित किए गए हैं। 6 अप्रैल को नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत आने वाले करहीडीह, उरला, सिकोला, बघेरा, दुर्ग शहर और पुलगांव क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। 7 अप्रैल को ग्राम पंचायत गनियारी, ग्राम पंचायत रसमड़ा, ग्राम पंचायत महमरा, ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) और ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में शिविर लगाए जाएंगे। 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत चंगोरी, ग्राम पंचायत भोथली और ग्राम पंचायत तिरगा में राजस्व संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। 9 अप्रैल को ग्राम पंचायत निकुम, ग्राम पंचायत आलबरस, ग्राम पंचायत अछोटी, ग्राम पंचायत अण्डा, ग्राम पंचायत रिसामा, ग्राम पंचायत कुथरेल, ग्राम पंचायत कोनारी, ग्राम पंचायत भानपुरी और ग्राम पंचायत चंदखुरी में आयोजन होगा। 10 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत उतई के साथ-साथ ग्राम पंचायत धनोरा, ग्राम पंचायत पुरई, ग्राम पंचायत पाउवारा, ग्राम पंचायत खोपली, ग्राम पंचायत मातरोडीह और ग्राम पंचायत मचान्दुर में शिविर लगेंगे। इसके अलावा 13 अप्रैल को नगर निगम दुर्ग के पोटियाकला, बोरसी, कसारीडीह, तितुरडीह और कातुलबोड़ क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

गैस संकट के कारण नवरात्रि में कन्या पूजन नहीं करा पाए लोग : जंघेल

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कोर्डिनेटर देवकुमार जंघेल ने बयान जारी कर कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण रसोई गैस की कालाबाजारी बेखौफ जारी है। पात्र हितग्राहियों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। गैस संकट का सीधा असर चैत्र नवरात्रि पर पड़ा है। अष्टमी के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को भारी मन से कन्या पूजन का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। हर साल देवी स्वरूप कन्याओं को अष्टमी के दिन कन्या भोज के काफी आमंत्रण मिलते थे। पहली बार ऐसा हुआ जब अनेक कन्याओं को भोज के लिए निमंत्रण ही नहीं मिला। गैस संकट की वजह से लोगों ने कन्या पूजन ही नहीं किया।

आपात कॉल पर तुरंत रिस्पांस दें, रात्रि गश्त बढ़ाएं : एएसपी

भिलाई। डायल-112 सेवा को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा ने डायल-112 की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और कर्मचारियों को आपातकालीन कॉल पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी घटना की सूचना मिलने पर टीम को बिना देरी के मौके पहुंचने के लिए निर्देशित किया। बैठक में खास तौर पर रिस्पांस टाइम सुधारने और रात में गश्त बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि डायल-112 का मुख्य काम लोगों को तुरंत राहत देना है, इसलिए हर कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ निभाए। सभी टीम आपस में बेहतर तालमेल बनाए रखें। बैठक में डायल-112 के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कॉल मिलने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डॉयल-112 को कुम्हारी खारुन ब्रिज के मेंटेनेंस के दौरान ज्यादा एक्टिव रहने कहा गया है। ब्रिज के दोनों ओर 24 घंटे वालेंटियर तैनात रहेंगे।

ऑनलाइन ट्रेडिंग: 16.61 लाख की ठगी

भिलाई। जिले में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर दंपती से 16.61 लाख की ठगी की गई है। ठगों ने पहले व्हाट्सऐप पर लिंक भेजा। इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। शुरुआत में मुनाफा देने के बाद लालच में आकर दंपती ने ठगों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें मुनाफे का पैसा नहीं मिला। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिसाली निवासी राजीव अग्रवाल (36) की हार्डवेयर की दुकान है। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए हर दिन 2 हजार से 3 हजार रुपए कमाने का लालच दिया गया। शुरुआती मुनाफे के बाद पीड़ित पूरी तरह से ठगों के झांसे में आ गए। आरोपियों के कहने पर उन्होंने 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 के बीच कई अलग-अलग लेनदेन किए। राजीव अग्रवाल ने अपने पंजाब नेशनल बैंक खाते से 7,31,890 रुपए और उनकी पत्नी एकता अग्रवाल के खाते से 9,30,531 रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुल 16,61,421 रुपए साइबर ठगों के खातों में ट्रांसफर किये गए। लंबे समय तक कोई मुनाफा न मिलने और संपर्क टूटने पर पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जहां से उन्हें अलग-अलग एक्नॉलेजमेंट नंबर जारी किए।

नवकार महामंत्र जाप और सामयिक साधना का आध्यात्मिक आयोजन

दुर्ग। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के आगाज के बाद नवकार महामंत्र जाप एवं सामयिक साधना का आध्यात्मिक आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में संपन्न हुआ। आयोजन में जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। नवकार महामंत्र एवं सामायिक के आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। मालवीय नगर क्षेत्र में प्रभात फेरी अहिंसा यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें सकल जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भगवान महावीर के जयकारों के साथ शामिल हुए। भक्ति गीतों के साथ ध्वज लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति ने आज दादाबाड़ी उपाश्रय मालवीय नगर में दीक्षार्थी सुव्रत गोलक्षा का अभिनंदन किया। संयमी साधक सुव्रत ने संयमी जीवन के आनंद की व्याख्या करते हुए इसे सूक्ष्मता से समझाया। 27 मार्च को सुबह 6:30 बजे पदभनाभपुर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर रोड में आज 225 से अधिक साधकों ने आयंबिल तप की आराधना की। आयंबिल तप सिर्फ भोजन का नियम नहीं है, बल्कि यह आत्मा को शुद्ध करने, इच्छाओं को नियंत्रित करने और आध्यात्मिक उन्नति का एक श्रेष्ठ मार्ग है। आयंबिल का अर्थ है रस (स्वाद) का त्याग करके सादा और संयमित भोजन करना।

सड़क, पेयजल व स्वच्छता कार्यों को मिलेगी रफ्तार: महापौर अलका बाघमार

15वें वित्त आयोग से निगम को 10 करोड़ की सौगात

दुर्ग/नवप्रदेश। डाटा सेंटर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में आज महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर में संचालित विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा व भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत नॉन मिलियन प्लस सिटी के तहत शासन द्वारा नगर निगम को कुल 10 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। इस राशि से शहर के विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को गति प्रदान करने योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। 4 करोड़ रुपये की राशि सड़क निर्माण, नाली निर्माण, विद्युतीकरण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों के लिए प्रस्तावित की जाएगी। पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिए तीन तीन करोड़ रुपए प्रस्तावित किए जाएंगे।

इन कार्यों के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाएंगे। स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। बैठक के दौरान लोक कर्म, स्वास्थ्य, जलकार्य एवं विद्युत विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। शहर के चार प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण, पाइपलाइन विस्तार, सड़क निर्माण, नाली व नालों के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों से पिछले एक वर्ष में हुए डामरीकरण और सीमेंटीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

महापौर ने स्पष्ट कहा कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू किया जाए। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए गए।

महापौर ने नालियों को व्यवस्थित रूप से नालों से जोडने ठोस कार्ययोजना तैयार करने कहा ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। गवली पारा से चंडी मंदिर और शीतला मंदिर से कंकालिन मंदिर तक विद्युत पोल लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में मोर जमीन मोर वार्ड योजना के अंतर्गत सभी 60 वार्डों में एसीपी बोर्ड और स्टेनलेस स्टील ग्लो साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे 582 स्वच्छता मित्रों को सुरक्षा उपकरण और वर्दी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। महापौर ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए शासन स्तर से लगातार राशि स्वीकृत कराई जा रही है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय कमी नहीं आने दी जाएगी।

महाअष्टमी पर जय माता दी के जयकारों से गूंजा निगम परिसर

■ महापौर ने कन्याओं को कराया स्नेह भोज

दुर्ग/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर निगम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी के अवसर पर हवन के बाद कन्या पूजन व कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर कन्याओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराया। कन्या भोज व महाप्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद महाअष्टमी उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। महापौर अलका बाघमार और एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, विद्यावती सिंह, रंजीता पाटिल, कुलेश्वर साहू, नीरा खिचरिया, ललिता ठाकुर, युवराज सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी ने विधि-विधान से हवन में आहूति देकर शहरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। महापौर अलका बाघमार ने समस्त शहरवासियों को महाअष्टमी और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें शक्ति, श्रद्धा एवं सेवा का संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों के सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

गैस-सिलेंडर लेने गए युवक को बाउंसरों ने पीटा

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार इलाके में शताक्षी गैस एजेंसी के संचालक ने बाउंसर तैनात कर रखे हैं। सिलेंडर लेने गए एक ग्राहक के साथ बाउंसरों ने धक्का-मुक्की कर मारपीट की। इसका वीडियो सामने आया है। इस मामले को लेकर ग्राहकों ने नाराजगी जताई, तो बाउंसर दूसरे ग्राहकों को भी धमकाते दिखे। पुलिस ने 3 बाउंसरों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून हाथ में लेने के बजाय पुलिस को सूचना दें। बुधवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से बड़ी संख्या में लोग लाइन में लगे थे। भीड़ अधिक होने के कारण एजेंसी संचालकों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाउंसर तैनात किया था। इसी दौरान लाइन लगाने को लेकर संतोष कुमार बैठा (32) और बाउंसर के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बाउंसर ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। लाइन में खड़े बाकी ग्राहकों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना की सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। शिकायत मिलने पर खुर्सीपार पुलिस ने 3 बाउंसरों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126 और 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर स्छरू छावनी के सामने पेश किया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गैस एजेंसी में अक्सर अव्यवस्था रहती है और ग्राहकों के साथ बेहतर व्यवहार नहीं किया जाता है। लोगों ने प्रशासन से एजेंसी की व्यवस्था सुधारने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सिलेंडर लेने के लिए लंबी लाइन लगाने के साथ ही मारपीट और बदसलूकी की जा रही है। गैस एजेंसी के प्रबंधक ने इस मामले में कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया।

खारुन नदी पर ब्रिज का होगा मेंटेनेंस, एक महीने तक दुर्ग से नेवई-उतई-पाटन रूट से जाना होगा रायपुर

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के कुम्हारी स्थित खारुन नदी ब्रिज में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। इस दौरान पूरे महीने ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। दुर्ग से रायपुर और रायपुर से दुर्ग जाने वाले हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

गत दिवस पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में बैठक हुई, जिसमें दुर्ग पुलिस, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बीएसपी और निर्माण एजेंसी के अधिकारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अधिकारियों को पूरे रूट का दौरा कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दुर्ग से रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, आरंग और अभनपुर जाने वाले वाहन नेवई-उतई-सेलूद-पाटन-अभनपुर मार्ग से जाएंगे। सुपेला, भिलाई, रिसाली और नेवई से रायपुर जाने वाले वाहन उतई-सेलूद-ढौर-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर मार्ग का उपयोग करेंगे। खुर्सीपार, चरोदा और भिलाई-3 से रायपुर जाने वाले वाहन सिरसा गेट-सिरसा खुर्द-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर मार्ग से जाएंगे। नंदिनी, अहिरवारा और कुम्हारी से रायपुर जाने वाले हल्के वाहन कुम्हारी टोल पार कर दाहिने पुल से होकर खारून नदी ब्रिज से गुजर सकेंगे।

रायपुर से दुर्ग आने वाले हल्के वाहन चालक भनपुरी, गुढियारी, हीरापुर और टाटीबंध से चंदनीडीह होते हुए पुराने रपटा पुल से कुम्हारी टोल तक आ सकेंगे। रायपुरा से महादेवघाट-अमलेश्वर-मोतीपुर मार्ग से भिलाई-दुर्ग पहुंचा जा सकेगा।

दुर्ग से रायपुर जाने वाले भारी वाहन कुम्हारी टोल पार कर दाहिने पुल से सिंगल लाइन में ब्रिज पार करेंगे। राजनांदगांव से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को दुर्ग बायपास पर बाफना टोल प्लाजा के पास सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक रोका जाएगा। भिलाई औद्योगिक क्षेत्र और ट्रांसपोर्ट नगर से निकलने वाले भारी वाहन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कुम्हारी की ओर नहीं जा सकेंगे।

नंदिनी, अहिरवारा और बेरला से रायपुर जाने वाले भारी वाहन मुरमुंदा-ओटेबंद-गुधेली-पठारीडीह होते हुए उरला रिंग रोड नंबर-4 से जाएंगे। रायपुर से दुर्ग आने वाले भारी वाहन भी सिंगल लाइन से ब्रिज पार करेंगे। महासमुंद से आने वाले भारी वाहनों को मंदिर हसौद के पास शाम 5 से रात 8 बजे तक रोका जाएगा। उरला-सिलतरा और बिलासपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को नंदनवन कटिंग के पास इसी समय रोका जाएगा।

निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि ब्रिज के दोनों ओर 24 घंटे वालेंटियर तैनात रहें।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी: छात्रों के बैंड्स ने शानदार प्रस्तुतियां दी, माहौल को पूरी तरह बना दिया संगीतमय

सालाना टेक फेस्ट के दूसरे दिन व्योम में फूटा जोश, खेल-डांस से गूंजा कैंपस

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में चल रहे टेक फेस्ट व्योम के तहत गुरुवार का दिन खेल, कला और उत्साह से भरपूर रहा। पूरे दिन कैंपस में अलग-अलग प्रतियोगिताओं की धूम रही, जहां छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह की शुरुआत रंगमंच गतिविधियों से हुई, जिसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग और ग्रुप सॉन्ग ने माहौल को संगीत और ताल से सराबोर कर दिया। वहीं, इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी धुनों से सबको मंत्रमुग्ध किया। स्किट, नुक्कड़ नाटक और माइम में सामाजिक संदेशों के साथ मनोरंजन का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला।

मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी आवाज और अंदाज से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। डांस फेस बैटल (इंट्रा और इंटर कॉलेज) में युवाओं का जोश और कॉन्फिडेंस देखने लायक था। खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी छात्रों का उत्साह चरम पर रहा।

बॉक्स क्रिकेट में टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जबकि बास्केटबॉल (इंट्रा और इंटर कॉलेज) में खिलाड़ियों ने अपनी रणनीति और फुर्ती का शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। बैडमिंटन, टेबल टेनिस और चेस जैसे इंडोर गेम्स में छात्रों ने धैर्य और कौशल का परिचय दिया। कैरम में भी कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हॉपस्कॉच, बार हैंगिंग बना खास

एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ और 100 मीटर रिले ने मैदान में रोमांच भर दिया। छात्रों की रफ्तार और जीत की चाह ने दर्शकों को सीट से बांधे रखा। इसके अलावा टग ऑफवॉर, आर्म रेसलिंग, हॉपस्कॉच, बार हैंगिंग, सैक रेस, बॉल ड्रिब्लिंग और पुश-अप्स जैसे फन इवेंट्स ने पूरे माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इन खेलों में भाग लेते हुए छात्रों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

क्रिएटिव गेम्स बने खास

रचनात्मक गतिविधियों में 15 मिनट कैनवास, क्लॉथ पेंटिंग, स्पिन एंड स्केच, लाइव फेस पेंटिंग और 3 डी आर्ट जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों की कल्पनाशीलता और कला कौशल देखने को मिला। हर कोने में रंग, ऊर्जा और नई सोच का संगम नजर आया। कुल मिलाकर व्योम फेस्ट में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का शानदार उदाहरण बन गया। छात्रों ने न सिर्फ खेलों में हिस्सा लिया, बल्कि हर पल का भरपूर आनंद भी उठाया, जिससे पूरा कैंपस एक उत्सव में तब्दील हो गया। व्योम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

बैंड्स की धमाकेदार एंट्री

व्योम में छात्रों के बैंड्स ने शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। खुले मंच पर एक के बाद एक बैंड्स ने फिल्मी और बॉलीवुड गीतों को अपनी आवाज में पेश कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायन के साथ-साथ गिटार, ऑक्टोपैड और अन्य वाद्ययंत्रों की धुनों ने प्रस्तुतियों में अलग ही ऊर्जा भर दी। हर परफॉर्मेंस में तालमेल, रिदम और कॉन्फिडेंस साफ नजर आया। छात्रों ने सिर्फ गाने नहीं गाए, बल्कि अपने अंदाज और स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों को बांधे रखा। बैंड्स की प्रस्तुति के दौरान दर्शक भी खुद को रोक नहीं पाए और तालियों के साथ-साथ गानों में शामिल होते दिखे।

न्यूज गैलरी

महासमुंद में 31 मार्च को भव्य संत समागम एवं राष्ट्रीय सम्मेलन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को सशक्त करने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को भव्य संत समागम एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें देशभर के संत-महात्माओं और धर्मप्रेमियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे चंडी मंदिर बिरकोनी में शंकराचार्य जी एवं अन्य प्रमुख अतिथियों द्वारा पूजन-अर्चना से होगी। इसके बाद मुख्य आयोजन आंबेडकर भवन, महासमुंद में आयोजित किया जाएगा, जहां संतों के प्रवचन और धर्मसभा का आयोजन होगा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे, कृष्ण कुमार चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राजेंद्र चंद्राकर, श्री मराठा ने पत्रकार वार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि इस विशेष आयोजन में शंकराचार्य स्वामी त्रिलोक स्वरूप जी, महंत वेदांत बल्लभ शरण महाराज सहित कई प्रतिष्ठित संतों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।आयोजकों के अनुसार, इस सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सहपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

भव्य चुनरी यात्रा के साथ गूंजा महासमुंद

महासमुंद/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर जय मां भवानी दुर्गा पूजा समिति, अंबेडकर चौक द्वारा नगर की कुल देवी माता महामाया मंदिर में चुनरी श्रृंगार अर्पित करने हेतु भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इस दौरान 51 मीटर लंबी चुनरी को मातृशक्ति यात्रा में लेकर चल रही थीं, वहीं यात्रा में बाजा-गाजा, आतिशबाजी और जस गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा।यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, गांधी चौक और महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर सैकड़ों महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने मिलकर माता महामाया को चुनरी अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाएं जस गीत गाकर माता की भक्ति में लीन नजर आईं। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी भी शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर समिति के कार्यों की सराहना की और कहा कि समिति द्वारा पिछले पांच वर्षों से निस्वार्थ भाव से चुनरी यात्रा निकालकर माता को अर्पित किया जा रहा है, जो नगर की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने मां भवानी से क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की।इस आयोजन में समिति के राकेश मदनकार, दीपक सोनी, बुलु सेवई, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, देवेश, अमन मदनकार, मोनू औसर, रज्जू देवांगन, कान्हा सोनी, बिट्टू, पियूष, सोनू ध्रुव, नीलू, साहिल औसर, पप्पू बोकड़े सहित वार्ड क्रमांक 14 एवं 19 की मातृशक्ति और युवा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरुकता शिविर का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार 25 मार्च बुधवार को बलौदाबाजार नगर के आजाद चौक में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में नगरवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता,सदस्यगण शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुमवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपभोक्ताओं को किसी बस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नंगरवासियो को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई जागृति एवं ई हियरिंग से अव उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी बॉनसाइन सामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।

राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए हर माह लगेगा 'राजस्व पखवाड़ा'

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए ÷राजस्व पखवाड़ा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अप्रैल, मई एवं जून 2026 में प्रत्येक माह 15-15 दिनों तक संचालित होगा, जिसमें ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तक तथा जून माह में 01 जून से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का दल मानव सभ्यता के विकास से हुआ रुबरु

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के सौजन्य से से छत्तीसगढ़ के चुनिंदा पत्रकारों के एक दल ने शामला की सुरम्य पहाड़ियों में लगभग दो सौ एकड़ क्षेत्र में फैले भारत के सबसे बड़े और विश्वविख्यात इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का अवलोकन किया और मानव सभ्यता के विकास से रुबरु हुए। जहां पत्रकार भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता के साथ ही जनजातीय जीवन की झलक से भी परिचित हुए। पत्रकारों ने खासतौर पर छत्तीसगढ़ से संबंधित आवास परिसरों और वस्तुओं के बारे में दिलचस्पी दिखाई और इस बारे में उनके सवालों का जवाब देते हुए मानव संग्रहालय के अधिकारियों ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। यह अनूठा मानव संग्रहालय मानव विकास और सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है। जहां लोग प्राचीन इतिहास को जीवंत होते हुए देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। इसकी स्थापना 21 मार्च 1977 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारत के विशेष संदर्भ में मानव तथा संस्कृति के विकास के इतिहास को प्रदर्शित करना है। इस भव्य और विशाल परिसर में 32 पारंपरिक एवं ऐतिहासिक शैलाश्रय भी हैं जो आकर्षण का केन्द्र हैं। पत्रकारों ने बिशनखेड़ी स्थित खेल प्राधिकरण परिसर का भी अवलोकन किया। वहां के निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने पत्रकारों को वहां की खेल सुविधाओं से अवगत कराया। पत्रकारों ने विभिन्न खेलों के कोच और खिलाड़ियों से मिलकर भी उनसे चर्चा की। पत्रकारों ने पत्र सूचना कार्यालय में पीआईबी निदेशक मनीष गौतम से भी सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों का स्वागत कर उन्हें मध्यप्रदेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

गढ़फुलझर में देर रात सनसनी, प्रेम संबंध का दर्दनाक अंत

युवक ने महिला पर ब्लेड से किया हमला फिर बिजली खंभे पर चढ़कर दी जान

■ **घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और सन्नाटा पसरा**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर में प्रेम प्रसंग ने ऐसा भयावह रूप ले लिया। देर रात हुए इस खौफनाक घटनाक्रम में एक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका पर जानलेवा हमला किया और फिर खुद आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने गांव में एक युवक का शव देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बसना थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की गई। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सबूतों को बारीकी से जुटाया।

जांच में जुटी पुलिस- पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बसना में मर्ग कायम कर लिया गया है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है। घायल महिला का उपचार जारी है और उसकी स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गांव में पसरा सन्नाटा, रिश्तों पर उठे सवाल

इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। प्रेम संबंधों में बढ़ती संवेदनहीनता और आवेश में उठाए गए कदम एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। गांव में इस मामले पर लगातार चर्चा हो रही है।

एक साल से चल रहा था प्रेम संबंध

प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान राजेश बारिहा (25), निवासी कांदाडोगर, थाना झारबंद (ओडिशा) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि राजेश का ओडिशा के चमरडीह गांव की एक महिला के साथ पिछले एक वर्ष से प्रेम संबंध था।

मुलाकात बनी विवाद की वजह

रात की इस मुलाकात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखा विवाद हो गया। गुस्से और आवेश में आकर राजेश ने अपने पास रखे सेविंग ब्लेड से महिला के गले पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना को अंजाम देने के बाद राजेश मौके से भागा नहीं, बल्कि पास ही एक बिजली के खंभे पर चढ़ गया और बिजली मैन लाइन तार पकड़कर अपनी जान दे दी। सुबह जब ग्रामीणों ने उसका शव देखा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

नवरात्रि मेला बना मुलाकात की वजह

बताया जा रहा है कि महिला नवरात्रि मेला देखने अपने पति के साथ अपने मायके गढ़फुलझर आई हुई थी। इसी दौरान राजेश भी अपने रिश्तेदार के घर गांव में मौजूद था। देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच महिला के बुलाने पर राजेश उससे मिलने उसके घर के बाहर पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद की बातें भी कही जा रही है। फिलहाल बसना थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाइक हटाने की बात पर पीटा, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफसांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम भतकुंदा निवासी उग्रसेन पटेल (32) ने बताया कि 25 मार्च की रात लगभग 7 बजे वन दुर्गा मंदिर के पास उसने अपनी बाइक रखी थी। इस दौरान गांव के परमानंद पटेल और अरबिंद पटेल उसकी बाइक को धक्का देकर हटाने लगे, उसने मना किया, तब आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी: योगेश्वर सिन्हा

■ **बोलपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनकर कर रहे सक्रिय प्रचार, कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा इन दिनों पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए जोरदार प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें बोलपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसके बाद से वे लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष के समर्थन में जनसंपर्क कर रहे हैं।

विधायक सिन्हा ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और विकास तथा भयमुक्त माहौल के लिए भाजपा को ही विकल्प मान रही है।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासन में प्रदेश विकास से पिछड़ गया है और अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इन परिस्थितियों से उबरना चाहती है और भाजपा को मौका देने के लिए तैयार है।

विधायक ने आगे कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में मजबूत प्रदर्शन किया था और इस बार उस प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई जाएगी।

प्रचार के दौरान योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार आम लोगों से संपर्क कर रहे हैं, साथ ही कार्यकर्ताओं में उत्साह भर रहे हैं। वे केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी जनता तक पहुंचा रहे हैं।

अंत में उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन कर रहे हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि परिणाम भाजपा के पक्ष में ही आएगा।

मिनी ट्रक से 16 टन महुआ जब्त, टेमरी नाका में कार्रवाई

दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर चालक को नोटिस

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसते हुए कोमाखान पुलिस ने महुआ के अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टेमरी नाका में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से 16 टन महुआ बरामद कर कुल 24 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 मार्च को संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान खरियार रोड (ओडिशा) की ओर से आ रहे ट्रक (सीजी 04 एमटी 0207) को रोककर जांच की गई। ट्रक चालक ने अपना नाम किशन ठाकुर (20), निवासी सुवरमाल थाना कोमाखान, जिला महासमुंद बताया।

जांच के दौरान ट्रक में लोड महुआ के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए चालक को धारा 94 बीएनएस के तहत नोटिस दिया गया, लेकिन वह कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में ट्रक में भरे 16 टन महुआ (कीमत लगभग 4 लाख रुपये) और परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड ट्रक (कीमत लगभग 20 लाख रुपये) सहित कुल 24 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली।

पुलिस ने इस मामले में इस्तगासा क्रमांक 04/2026 के तहत धारा 106 बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई दर्ज की है।

मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले पटवारी निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बिना सूचना के मुख्यालय से एक माह से अधिक समय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार राजस्व अनुभाग सिमगा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 26 ग्राम धोधा के पटवारी चंद्रप्रकाश 20 फरवरी 2026 से बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित है। अनुपस्थिति के कारण अनेक महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रही है।

पटवारी के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के प्रतिकूल मानते हुए एसडीएम सिमगा द्वारा पटवारी चंद्रप्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सिमगा नियत किया गया है। इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

देवभोग का 'एलेक्सेंड्राइट' लोकसभा में गूंजा

■ **सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उठाया वैश्विक पहचान और पारदर्शी खनन का मुद्दा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए लोकसभा में एक बड़ी पहल की है। सांसद ने गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में दबे दुनिया के सबसे दुर्लभ और बहुमूल्य रत्नों में से एक 'एलेक्सेंड्राइट' का मुद्दा सदन में प्रखरता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस बेशकीमती रत्न की उपेक्षा की ओर आकर्षित करते हुए इसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और पारदर्शी खनन की पुरजोर वकालत की। सदन के माध्यम से सरकार को अवगत कराते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि देवभोग का एलेक्सेंड्राइट अपनी अद्भुत रंग परिवर्तन क्षमता के लिए विश्व विख्यात है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसे "Emerald by day, Ruby by night" (दिन में पन्ना, रात में माणिक) कहा जाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि रूस, ब्राजील और श्रीलंका जैसे चुनिंदा देशों के बाद भारत का यह क्षेत्र इस रत्न का सबसे बड़ा संभावित केंद्र है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये प्रति कैरेट तक पहुंचती है। श्रीमती चौधरी ने सदन में इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया कि इतने महत्वपूर्ण खनिज संकेत होने के बावजूद अब तक इस क्षेत्र में अपेक्षित गति से व्यापक वैज्ञानिक अन्वेषण प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि उचित सरकारी प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के अभाव में इस बहुमूल्य राष्ट्रीय संपदा की अवैध निकासी और तस्करी की आशंकाएं बनी रहती हैं। इससे न केवल छत्तीसगढ़ को राजस्व की भारी हानि हो रही है, बल्कि एक बड़ा वैश्विक अवसर भी हमारे हाथ से निकल रहा है।सांसद ने इस मुद्दे को सीधे तौर पर स्थानीय रोजगार और विकास से जोड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि केंद्र सरकार इस क्षेत्र में पारदर्शी और आधुनिक खनन व्यवस्था विकसित करती है, तो स्थानीय उत्थानः गरियाबंद और देवभोग जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति को लेकर जिला प्रशासन ने दिया आश्वासन

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव स्थगित

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की प्रमुख मांग सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति को लेकर प्रशासन ने ठोस आश्वासन दिया है। बाद संगठन ने प्रस्तावित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव को स्थगित कर दिया है।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया। करीब दो घंटे तक चली अहम बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत संवाद हुआ। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कुछ तकनीकी अड़चनों के समाधान हेतु विभाग ने लिखित आश्वासन देते हुए 20 अप्रैल 2026 तक काउंसलिंग एवं पदोन्नति आदेश जारी करने का भरोसा दिया। साथ ही परीक्षा अनुमति 2024-25 के पात्र आवेदकों के आदेश तत्काल जारी करने और अपात्र आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित बीईओ को देने पर भी सहमति बनी। इस सकारात्मक पहल के बाद संगठन की अन्य मांगों पर भी जल्द समाधान का भरोसा दिया गया। परिणामस्वरूप, 27 मार्च को प्रस्तावित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव कार्यक्रम को प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन जारी होते ही स्थगित कर दिया गया। बैठक में सिराज बक्श (कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष), प्रकाश बघेल (ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा), पुरुषोत्तम चंद्राकर (जिला उपाध्यक्ष), विजय राजपूत (जिला महामंत्री), भूपेंद्र दीवान (संयुक्त सचिव), सार्वेन्द्र महानदिया, अनिल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

हितग्राहियों को शीघ्र पेंशन राशि जारी करें सरकार : निखिलकांत

महासमुंद। पालिका क्षेत्र के पेंशन हितग्राहियों को विगत चार महीने से पेंशन नहीं मिल पाने से उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उक्त समस्या के समाधान की मांग करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि गत 4 महीनों से हजारों पेंशन हितग्राहियों को उनकी राशि नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सरकार का ध्यान अकर्षित कर बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में विधवा पेशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेशन,समाजिक पेशंन, सुखद सहारा आदि पेंशन के लिए सरकार ने राशि जारी नहीं की है जिसके कारण पिछले चार - पांच महीनों से हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिला है। जिसके कारण पेंशनर भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में वृद्धा पेंशनरों को माह नवम्बर 2025 के बाद से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशनरों को दिसम्बर 2025 के बाद अन्य पेंशनरों को माह नवम्बर 2025 के बाद से पेशन नहीं मिला है।

व्हाट्सएप ग्रुप से सेवा की अनोखी मिसाल: 900+ सदस्य, दर्जनों लोगों को मिली आर्थिक सहायता

■ बालोद जिले के शिक्षक नरोत्तम यदु की पहल बनी सहारा, सत्यापन के बाद ही मिलती है मदद

बालोद/नवप्रदेश। मानवता, सामाजिक एकजुटता और पारदर्शिता का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए सामाजिक आर्थिक सहयोग ग्रुप यादव ठेठवार समाज छत्तीसगढ़ आज जरूरतमंदों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुका है। शिक्षक नरोत्तम यदु के प्रयास से शुरू की गई यह मुहिम अब एक बड़े जनसहयोग अभियान में बदल गई है, जिसमें 900 से अधिक सदस्य व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़े हुए हैं और नियमित रूप से सहयोग कर रहे हैं। इस पहल की शुरुआत एक साधारण व्हाट्सएप ग्रुप से हुई थी, जहां प्रत्येक सदस्य को कम से कम 50 से 100 रुपये तक सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है। छोटी-छोटी राशि आज मिलकर बड़ी मदद बन रही है और कई परिवारों के जीवन में राहत पहुंचा रही है। इस ग्रुप की सबसे खास बात इसकी पारदर्शी और जिम्मेदार कार्यप्रणाली है। किसी भी जरूरतमंद को सहायता देने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल की जाती है। मेडिकल रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाता है। इसके बाद ही संबंधित व्यक्ति का स्कैनर या बैंक खाता नंबर साझा कर समाज के लोगों से सहयोग की अपील की जाती है, जिससे सही व्यक्ति तक मदद पहुंच सके।

5 जनवरी 2024 से अब तक इस ग्रुप द्वारा कुल 3,92,883 की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी थी, जिसमें हाल ही में जीवन यदु (भूमिया) को दी गई 11,560 की सहायता जोडने पर कुल सहयोग राशि लगभग 4,04,443 हो चुकी है। इस दौरान बीमार, दुर्घटना पीड़ित, आर्थिक रूप से कमजोर, शिक्षा और विवाह जैसी जरूरतों के लिए कई लोगों को सहायता प्रदान की गई। सहायता राशि प्राप्त करने वालों में उमेश यादव (भीमडोंगरी, बीजागढ़) 72,000, लक्ष्मी यादव (गुढियारी, रायपुर) 27,500 (कैंसर उपचार), ब्रह्मानंद यादव (कोंडागांव) 25,200 (सड़क दुर्घटना), दीपांश यादव (धमतरी) 27,000 (कैंसर), पत्रकार दीपक यादव (बालोद) 40,000, रमेश यादव (भाटापारा) 8,500 (हृदयाघात इलाज), कमला यादव (मैनपाट) 4,000, कुणाल यादव (बेरला, बेमेतरा) 4,400 (बोन मैरो ट्रांसप्लांट), श्रीराम यादव (बीजागढ़) 17,500, शिवराम रमेश (बीजागढ़) 10,500, अनिल यादव (फिंगेश्वर) 22,800, नकुल यादव (बोदल, पाटन) 8,700, प्रदीप यादव और विजय यादव (कन्हेरा, रायपुर) 3,616, कल्पना यादव (गाड़ाडीह, पाटन) 43,200 (विवाह), ओम कल्याण यादव (पांगरी, गुंडरदेही) 17,500, गजेन्द्र यादव (बीजाभाठ, बेमेतरा) 10,100, सोहन यादव (खोपली, उतई) 10,000 (शिक्षा), विष्णु यादव (बारगांव, धमधा) 17,067, रवि यदु (केसली, हथबंद, भाटापारा) 4,300 (इलाज), बिमला यादव (भूमियाखोनापार, रायपुर) 11,500 और हाल ही में जीवन यदु (भूमिया) को 11,560 की सहायता प्रदान की गई।

शिक्षक नरोत्तम यदु की यह पहल आज समाज के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन चुकी है, जहां तकनीक (व्हाट्सएप) और मानवीय संवेदनाओं के संगम से सच्ची सेवा का कार्य किया जा रहा है। शिक्षक नरोत्तम यदु ने बताया कि प्रदेश भर में हमारे शिक्षकों पर आने वाली स्वास्थ्यगत विपत्ति से बचाव के लिए भी एक ग्रुप बनाया गया है। इसमें लगभग 1000 लोग जुड़े हुए हैं और समय-समय पर इसके जरिए भी हम शिक्षकों की मदद करते आ रहे हैं। बालोद जिला में शिक्षको का ग्रुप संचालित कर सहयोग राशि दिया जा रहा है। समाज के कोई व्यक्ति परेशानी से जूझ रहे हों तो सभी को सहयोग करना चाहिए।

आठवीं में आकृति प्रथम

खैरागढ़। केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ के कक्षा आठवीं की छात्रा आकृति यादव ने वार्षिक परीक्षा मे 95.58 अंक पाकर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रारंभ से ही मेघावी रही पाडादाह निवासी आकृति शिक्षक राजू यादव और मनीषा की सुपुत्री है। उपलब्धि पर स्कूल परिवार सहित परिजनों ने हर्ष जताया है।

ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक

बालोद। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 17 अप्रैल तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन भरे गए आवेदनों में 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक त्रुटि सुधार भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। अधिक जानकारी सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से संपर्क कर ली जा सकती है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएमए, एनडीए, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मिलेगी राहत

बालोद। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बालोद के अधीनस्थ वितरण केन्द्रों में 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2028' के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बालोद ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करना और उन्हें योजना का लाभ दिलाना है। योजना के संबंध में उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ मोर बिजली एप के द्वारा स्वयं अथवा निकटतम वितरण केन्द्र कार्यालय में जाकर पंजीयन करवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस योजना के संबंध में कार्यपालन अभियंता एसके बंड द्वारा सहायक अभियंताओं और मीटर रीडरों के साथ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। शिविरों के माध्यम से कुल 553 उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों में राहत पाने के लिए अपना पंजीयन करवा कर इस योजना का लाभ प्राप्त किया है।

संगीत विवि में बकरी नाटक का मंचन

खैरागढ़। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में नाट्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बकरी नाटक की शानदार प्रस्तुति दी गई। सर्वेश्वर दयाल सक्सेना द्वारा रचित नाटक बकरी आजादी के बाद भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों के ह्रास और अंधविश्वास पर एक तीखा व्यंग्य है। नाटक में भ्रष्ट नेता एक गरीब बुजुर्ग की बकरी को गाँधी की बकरी बताकर पूजते हैं जिससे वे जनता का शोषण करते हैं और अपने कुकर्म को छिपाते हैं। यह नाटक छलावा और राजनीतिक हथकंडों को उजागर करता है। नाटक का निर्देशन अतिथि व्याख्याता डॉ. शिशु कुमार सिंह द्वारा किया गया। कुलपति लवली शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते इसे और बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने छात्रों से अपने काम में पूर्णता लाने प्रेरित किया। प्रो. राजन यादव ने विद्यार्थियों से सीमित न रहकर आगे बढने की बात कही। उन्होंने कुलपति से नाट्य मंचन हेतु आवश्यक संसाधन प्रदान करने का निवेदन किया, जिसे कुलपति ने स्वीकार करते हुए आवश्यक सामग्रियों की जानकारी देने की बात कही।

शौचालय निर्माण पूर्ण होने पर 3089 हितग्राहियों को 370.68 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि वितरित

बालोद। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कलेक्टर दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। इस दौरान 4681 नवीन पात्र परिवारों से प्राप्त मांग पत्रों के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में इस वर्ष हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण पूर्ण होने के बाद प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जिले के 3089 हितग्राहियों को 370.68 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा ग्राम पंचायत में दिए गए मांग पत्रों को सरपंच व सचिव के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय भेजा जाता है। इसके बाद जनपद स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा ग्राम स्तर पर भौतिक सत्यापन कर पात्रता सुनिश्चित की जाती है। सत्यापन के दौरान हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण की स्थिति और पूर्व में लाभान्वित न होने की पुष्टि की जाती है। पात्र पाए गए परिवारों की सूची जिला पंचायत को भेजी जाती है। कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं जियो टैगिंग पूर्ण होने के बाद आधार आधारित डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे हितग्राही के खाते में हस्तांतरित की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष बीपीएल एपीएल वर्ग के अंतर्गत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति लघु व सीमांत कृषक भूमिहीन मजदूर महिला मुखिया और दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता देते हुए योजना का लाभ दिया जा रहा है, ताकि गांवों में खुले में शौच मुक्त ओडीएफ की स्थिति को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और लोग नियमित रूप से शौचालय का उपयोग कर रहे है।

धान खरीदी घोटाला: 70 लाख से अधिक की हेराफेरी, प्रभारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में धान खरीदी केंद्र में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। थाना कुण्डा क्षेत्र के पेण्ड्रीकला धान उपार्जन केंद्र में करीब 70.43 लाख रुपये की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने खरीदी प्रभारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव शाखा कुण्डा के प्रार्थी राजेन्द्र कुमार डाहिरे की शिकायत पर की गई। शिकायत के बाद गठित जांच दल ने विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत केंद्र का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि 12 जनवरी 2026 तक कुल 23,319.20 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज थी। इसमें से 3,880 क्विंटल धान का उठाव हो चुका था, जबकि शेष 19,439.20 क्विंटल धान

उपलब्ध होना चाहिए था। लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान केवल 17,167.20 क्विंटल धान ही मिला। 2,272 क्विंटल धान की कमी पाई गई। इस कमी की शासकीय कीमत 70,43,200 रुपये आंकी गई। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर ने तौल पत्रक और रजिस्टर में गड़बड़ी कर धान की हेराफेरी की और सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इस मामले में थाना कुण्डा में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने रिकॉर्ड में हेराफेरी करना स्वीकार कर लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को 26 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

आम फलबहार की नीलामी के लिए समिति गठित

बालोद/ जिले के 5 शासकीय उद्यान रोपणियों में वर्ष 2025-26 के लिए आम फलबहार की नीलामी हेतु समिति गठित की गई है। गठित नीलामी समिति में सहायक संचालक उद्यान डिकलेश कुमार समिति अध्यक्ष और शासकीय उद्यानिकी रोपणी झलमला के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अनिल महिलांग व उद्यानिकी रोपणी अरमुरकसा के वरिष्ठ उद्यान विस्तार अधिकारी विजय निकोसे समिति के सदस्य होंगे।

नवरात्रि ड्यूटी के बाद पुलिस ने किए मां बम्लेश्वरी के दर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नवरात्रि पर्व के दौरान संपन्न हुई महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के सफल निर्वहन के बाद राजनांदगांव पुलिस ने श्रद्धा और भक्ति भाव से रामनवमी के पावन अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर में आरती पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर राजनांदगांव पुलिस बैंड द्वारा भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा व श्रद्धा का संचार हुआ। नवरात्रि ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल ने माँ के श्रीचरणों में उपस्थित होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।

नवरात्रि के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु व सुदृढ़ बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन कराया गया। इसकी आम जनता ने व्यापक सराहना की। किसी भी पदयात्री के साथ शून्य दुर्घटना के साथ डोंगरगढ़ मेला व्यवस्था ज़ीरो क्रिमिनल इंसिडेंट के साथ समाप्त हुआ।

बाल विवाह रोकने जनभागीदारी जरूरी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुरूप्रीत कौर ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 4 बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्परता से बाल विवाह की रोकथाम की गई।

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

दूरभास/ फैक्स नंबर- 07722-263747 ईमेल Id-cmoamdi@gmail.com

5./709// लोनिवि/न.प/2025-26/ आमदी, दिनांक-27/03/2026

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

नगर पंचायत आमदी में विभिन्न मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है, उक्त निविदा में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों/फर्म से कुल 04 कार्य कुल लागत राशि 28.37 लाख रू. हेतु त्रि-लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत आमदी के लोकनिर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की सकती है एवं विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in (निविदा सूचना/EOI) पर भी देखी एवं डाउनलोड जा सकती है। समय सारणी निम्नानुसार है

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि -06/04/2026 समय दोपहर 5:30 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 08/04/2025 समय दोपहर 5:30 बजे तक।
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि -17/04/2026 समय दोपहर 3:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 17/04/2026 समय दोपहर 4:00 बजे तक।

मुख्य-नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी
जिला धमतरी
दिनांक 27-03-2026

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.egstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO/953-/EE/FILTER PLANT/2026 RAIPUR DATED: 27/03/2026

Online bids are invited for the following works up to 18/04/2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Rs)
	1 J88079	proviing & of 500 & 600 mm dia Sluiec valve at OHT undar Filter Plant Raipur.(PHE SOR 01-06-20&) Amendment 07/2022-23	28,57,588,00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.infrom 27/03/2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned porta! NIT Deatails and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140or through Email ID helpdesk.eproc@egswan.gov.in

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
FILTER PLANT
MUNICIPAL
CORPORATION
RAIPUR

एक्साइज ड्यूटी घटाने पर यशवंत ने जताया आभार

बालोद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की बड़ी कटौती की है।

इस कटौती के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपये से घटकर 3 और डीजल पर 10 रुपये से घटकर शून्य (0) हो गई है। यह निर्णय पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखने और महंगाई से राहत देने के लिए लिया गया है, जो तुरंत प्रभाव से लागू है। इस जनहितकारी निर्णय के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

जैन ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है और लागत में भी इजाफा हुआ है।

ऐसे में पेट्रोल-डीजल के दाम न बढने देने एक्साइज ड्यूटी को कम किया गया है। इससे ग्लोबल संकट के बीच भी उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा।

यह आम लोगों के लिए बड़ी राहत है कि तेल कंपनियां इस संकट के बीच भी पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाएंगी। यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कसारीडीह तहसील व जिला-दुर्ग

-: सूचना- सीमांकन बाबत् :-

प्रति,

आवेदक 1. विमल कुमार सक्सेरिया, 2. नरेन्द्र कुमार राठी/बृजमोहन राठी, 3. पंकज यादव, 4. मुंदड़ा जी।

आवेदक/आवेदिका अमर राव पिता स्व. गोपाल राव के सीमांकन प्रकरण तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 1828 दिनांक 12.12.2026 में ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 स्थित भूमि खसरा नं. 215/7 रकबा 0.015 हे. का सीमांकन मेरे द्वारा किया जाना है। चूंकि उक्त खसरा नंबर आपकी भूमि से लगी हुई/बेची गई है। अतः आप सभी मूल दस्तावेजों के साथ मौके पर दिनांक 08.04.2026 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12.30 बजे तक उपस्थित होवें।

दिनांक 02.03.2026

मुहर

राजस्व निरीक्षक
कसारीडीह
तह. व जिला दुर्ग

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार धूज राम जोशी पिता- यशवंत जोशी, निवासी मकान नंबर-789, बिरेभाट, ढौर, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हैं। मेरे पक्षकार की पुत्री तानिया जोशी का जन्म दिनांक- 29/06/2023 को स्थान जिला चिकित्सायल दुर्ग (छ.ग.) में हुआ है, जिसका पंजीकरण संख्या बी.-2023:22-90171-004237 तथा जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि 30/06/2023 है, जिसमें मेरे पक्षकार की पुत्री का नाम रोहिणी जोशी दर्ज है। जबकि मेरे पक्षकार की पुत्री का वास्तविक व सही नाम तानिया जोशी है। त्रुटिपूर्ण नाम रोहिणी जोशी (Rohini Joshi) के स्थान पर सही व वास्तविक नाम तानिया जोशी (Taniya Joshi) पिता का नाम धूज राम जोशी (Dhuj Ram Joshi) माता का नाम मनका जोशी (Manka Joshi) के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम सुधार करने के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

मेरा पक्षकार अपनी पुत्री तानिया जोशी (Taniya Joshi) के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम रोहिणी जोशी (Rohini Joshi) के स्थान पर सुधार कर उसका नाम तानिया जोशी (Taniya Joshi) दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हैं ।

वकील ताण्डी
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदकगणः- श्रीमती शीला कटझोरी घ.प. रामसिंह कटझोरी अन्य 02 निवासी 13/324, तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा - पुरई पाहन 54 रा.नि.म. उवई स्थित भूमि खसरा नं 638/15, 1225/23, 1269/21, रकबा कमशः 0.037 0.046 0.040 है. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.1230 हे. भूमि भूमिस्वामी रामसिंह कटझोरी पिता पुनउ राम कटझोरी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। रामसिंह कटझोरी पिता पुनउ राम कटझोरी की मृत्यु दिनांक 27/05/2025 को हो चुका है। मृत्यु पश्चात उनके विधिक वारिसान- 1. श्रीमती शीला कटझोरी पति रामसिंह कटझोरी, 2. राजीव (पुत्र), 3. समीर (पुत्र), दोनो के पिता रामसिंह कटझोरी है। आवेदकगण के पति / पिता रामसिंह कटझोरी पिता पुनउ राम कटझारी का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों का नाम अभिलेख में फौती / नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Email ID - cmochoora@rediffmail.com, Phone No.-07701299439

क्रमांक ..163.5... न0पं0 / लो0नि0वि0/2025-26 छुरा, दिनांक 27.03.2026

!! मैनुअल पध्दति से निविदा आमंत्रण सूचना !!

नगर पंचायत छुरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य (अध्यक्ष मद) हेतु पी0डब्लू0डी0 बिल्डिंग एस0ओ0आर0 01.01.2015, रोड. एस0ओ0आर0 01.01.2015, पी0एच0ई0एस0ओ0आर0 01.01.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम या अधिक या समान दर पर निविदा प्रपत्र "A" में त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्रर्ड डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा हेतु आवश्यक जानकारी निम्नानुसार हैः-
(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने का दिनांक 08.04.2026 कार्यालयीन अवधि तक ।
(2) कोरा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक 10.04.2026 कार्यालयीन अवधि तक।
(3) निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम दिनांक 17.04.2026 दोप. 03.00 बजे तक।
(4) निविदा प्रपत्र खोले जाने का दिनांक 20.04..2026 दोप. 12.00 बजे से।

क्र.	कार्य/ठेके का विवरण	एस0ओ0आर0	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य पूर्ण करने का समयावधि
1	वार्ड क्र. 09 न0पं0 कार्यालय भवन में सौंदर्गीकरण कार्य, नया शौचालय एवं सेप्टिक टंकी निर्माण कार्य ।	PWD Building SOR 01.01.2015& Ammendment No - 08	6.87	5200.00	"A"	750.00	03 माह

टीप : निविदा के नियम एवं शर्तों के विस्तृत जानकारी नगर पंचायत छुरा के सूचना पटल पर एवं संबंधित प्रभारी लिपिक से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पंचायत छुरा
जिला-गरियाबंद (छ0ग0)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202526430106500006
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजूलाल यादव पिता स्व. झुमुकलाल निवासी वार्ड 04 उपरवाह राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके दादा के नाम पर ग्राम खुरसीडीह प.ह.नं. 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 497/2 रकबा 0.3500 हे. भूमि एकल खाता/ शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार रामाधीन आ. पुनाराम की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 06.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखि में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं तोज्यश कुमार (TOJESH KUMAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता नवीन साहू, निवासी- म.नं.- 338, वार्ड नं. 09, ग्राम जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम तोज्यश कुमार (TOJESH KUMAR) (पुराना नाम) से बदल कर तोज्येश (TOJYESH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
तोज्यश कुमार पिता नवीन साहू,
निवासी- म.नं.- 338, वार्ड नं. 09,
ग्राम जेवरा सिरसा
तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

नाम-परिवर्तन

मैं श्रीमती वंदना लिखार (माता का नाम) सुपुत्र तन्मय लिखार (TANMAY LIKHAR) निवासी ब्लाक नं.-01, वार्ड नं.-01, खम्हरियाभाठा पो. जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र तन्मय लिखार (THANMAY LIKHAR) (पुराना नाम) से बदल कर तन्मय लिखार (TANMAY LIKHAR) (नया नाम) रख लिया है।

दीपक सिंह महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9301912012

न्यूज गैलरी

सीएएफ का बर्खास्त जवान दीवार फांदकर तीसरी बार जेल से फरार

जगदलपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल से सीएएफका बर्खास्त जवान व सजायाफ्ता बंदी बुधवार की शाम उंची दीवार को फांद कर फरार हो गया। बंदी के दीवार फांदकर फरार होने की खबर मिलते ही जेल विभाग में हड़कंप मच गया। इसकी खबर तत्काल कोतवाली थाना में दी गई। जिसके बाद उसे खोजने के लिए जेल व पुलिस विभाग सक्रिय हो चुका है और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्रीय जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी ने फोन पर कैदी के फरार होने की जानकारी दी। इसके बाद आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी कैदी की तलाश शुरू कर दी गई है। देर रात तक पुलिस जवान जेल के आसपास के इलाके में खोजबीन करते रहे लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। फरार कैदी की पहचान महेंद्र दीवान 32 वर्ष के रूप में हुई है जो कांकेर का निवासी बताया जा रहा है। वह चोरी के मामले में पिछले एक साल से जगदलपुर केंद्रीय कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी दंतेवाड़ा व कांकेर जिला जेल से फरार हो चुका है। चोरी के मामले में उसे पांच साल की सजा हुई थी और 4 जनवरी 2026 को उसे जिला जेल दंतेवाड़ा से केन्द्रीय जेल जगदलपुर ट्रांसफर किया गया था। सूत्रों के अनुसार इससे पहले भी उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल ले जाया गया था जहां से वह कुछ समय के लिए फरार हो गया था।

मक्के की खेत में गांजा की फसल फरसगांव क्षेत्र में मिले सैकड़ों पौधे

फरसगांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में उगाई गई मक्के की फसल के बीच अवैध रूप से तैयार की गई गांजा की खेती सामने आई। मामला सामने आते ही पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके पर पूरी फसल की जांच शुरू कर दी। यह पूरा प्रकरण कोंडागांव जिला के अंतर्गत स्थित केशकाल के ग्रामीण इलाके से सामने आया है। ग्राम स्तर पर मिली सूचना के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया, जहां मक्के की पंक्तियों के बीच गांजा के बड़े-बड़े पौधे छिपाकर लगाए गए थे। टीम ने बताया कि खेत में सैकड़ों की संख्या में गांजा के पौधे मौजूद हैं। अभी पुलिस और राजस्व विभाग इन्हें गिनने और दस्तावेजीकरण करने में लगे हुए हैं। कार्रवाई के बाद संबंधित किसानों और जमीन मालिकों से पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवैध खेती में और कौन-कौन शामिल हैं और पौधों को किस तरह खेत में छिपाकर लगाया गया था। यह मामला पिपरा पावारास गांव का है, जो फरसगांव थाना क्षेत्र के तहत आता है जहाँ बड़े पैमाने पर अवैध खेती का खुलासा किया गया है।

जशपुर जिले के कांसाबेल में 8.39 लाख की हेराफेरी, दो गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के कांसाबेल में पीडीएस बारदानों में लाखों रुपये के गबन का मामला उजागर हुआ है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला कांसाबेल थाना क्षेत्र का है। जहां 33 हजार 850 नग पीडीएस बारदानों का गबन किया गया। इन बारदानों की कुल कीमत करीब 8 लाख 39 हजार 500 रुपये का है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी रिजवान अली और बारदानों के खरीददार सुधीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी रिजवान अली सूरजपुर का रहने वाला है और सुधीर साहू अंबिकापुर का रहने वाला है। आरोपी रिजवान अली को पीडीएस बारदानों के संकलन और परिवहन का जिम्मा दिया गया था। लेकिन उसने बारदानों को गोदाम में जमा करने के बजाय गबन कर दिया। इस मामले की शिकायत जिला विपणन अधिकारी द्वारा की गई थी। जिसके बाद कलेक्टर जशपुर ने जांच टीम गठित कर जांच कराई।

कटघोरा वन परिक्षेत्र में करंट लगने से भालू और दो शावकों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत केंदई में करंट लगने से भालू और उसके दो शावकों की मौत का दर्दनाक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार खेतों के पास अवैध रूप से स्थापित 11 केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आने से तीनों वन्यजीवों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। जांच में सामने आया कि जिस 11 केवी लाइन की चपेट में ये वन्यजीव आए, वह अवैध रूप से खींची गई थी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कई बार ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन इस हादसे ने सुरक्षा खामियों को फिर उजागर कर दिया है। वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि यह लाइन किसने और किस उद्देश्य से लगवाई थी।

रायपुर में रामनवमी की धूम, मंदिरों में झांकियां, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, सुंदरकांड का पाठ, महाभंडारा भी हुआ

भंडारा और 1100 किलो मालपुए का चढ़ा भोग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आज रामनवमी के पावन अवसर पर भक्ति और संस्कृति के रंग में डूब गई है। शहर के मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा-पाठ, भंडारे और झांकियों की तैयारियां जारी हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है, वहीं नगर निगम द्वारा क्षेत्र में आज मांस-मटन बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है।

वीआईपी रोड और जैतूसाव मठ में मुख्य कार्यक्रमः वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर और जैतूसाव मठ में आज मुख्य आयोजन होंगे। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है और शाम को पारंपरिक झांकियां निकाली जाएंगी। जैतूसाव मठ में भगवान श्रीराम को 1100 किलो मालपुए का विशेष भोग लगाया जाएगा, जिसके लिए अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारी दी गई है।

सदर बाजार और शांतिनगर में विशेष आयोजनः सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में सुबह पंचामृत स्नान के बाद भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो चुका है। वहीं शांतिनगर में सुंदरकांड पाठ के साथ दोपहर में महाप्रसाद वितरण का बड़ा आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

आज रायपुर में मांस-मटन बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंधः रामनवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आज सभी पशुवध गृह और मांस-मटन दुकानें बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आदेश लागू किया है। जोन व स्वच्छता अधिकारियों को निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। होटलों में मांस बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती और जुर्माने की चेतावनी भी दी गई है।

रामनवमी पर भाटापारा में उमड़े श्रद्धालु : भव्य रथयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग, पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा

भाटापारा/नवप्रदेश। रामनवमी पर्व पर भाटापारा शहर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सती मंदिर से भगवान राम-लक्ष्मण की भव्य रथ यात्रा डीजे और धूमाल के साथ निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महारानी चौक पहुंची और अंततः शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। पूरे शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंजता रहा। आपको बता दें कि, इस विशाल आयोजन के बीच पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी काबिल-ए-तारीफ रही। भीड़ में असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए पुलिस ने सख्त कार्रवाई की और करीब 10 किलो से अधिक वजन के लोहे, पीतल और स्टील के खतरनाक चुड़े जब्त किए, जिससे संभावित अप्रिय घटनाओं को समय रहते टाल दिया गया।

जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी रहे नदारद : लेकिन इस पूरे आयोजन में एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया। जहां पुलिस चौकन्नी रही, वहीं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी नदारद नजर आए। इतने बड़े धार्मिक आयोजन में भाटापारा एसडीएम और तहसीलदार का कहीं भी दिखाई न देना लोगों के बीच चर्चा और नाराजगी का विषय बना रहा।

प्रशासन की अनुपस्थिति पर उठे कई सवालः शहरवासियों का कहना है कि, जब आस्था का इतना बड़ा जनसैलाब उमड़ता है, तब प्रशासन की मौजूदगी सिर्फ औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी होती है। ऐसे में अधिकारियों की गैरमौजूदगी कई सवाल खड़े करती है। भक्ति के इस पर्व में जहां जनता और पुलिस ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, वहीं प्रशासन की अनुपस्थिति ने व्यवस्था पर सवालिया निशान जरूर लगा दिया।

नवरात्रि पर विशेष : एक ऐसा मंदिर जहां देवी स्वरूप में होती है खड्ग और नगाड़े की पूजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा में एक ऐसा प्राचीन देवी मंदिर है जहां देवी की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। मंदिर में खड्ग एवं नगाड़ा की स्थापना की गई है। मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रि में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। सरगुजा प्राचीन दण्डकारण्य के बीहड़ वन का प्रमुख हिस्सा रहा है। नवरात्रि मान्यता है कि अपने वनवास काल में भगवान राम ने रामगढ़ की कंदराओं में लम्बे समय तक निवास किया था। सरगुजा के विभिन्न अंचलों में मिले प्राचीन मंदिरों के अवशेष इसके आध्यात्मिक महत्व को प्रतिपादित करते हैं। इसे सरगुजा के ऋषि मुनियों की तपस्थली भी माना जाता है। यहां शैव एवं शाक्त परम्परा के कई प्राचीन मंदिर है जो प्राचीन काल में सरगुजा की आध्यात्मिक सिद्धियों को साबित करने के लिए पर्याप्त माना जाता है।

पंचमी को बदलता है कलेवरः परम्परानुसार शारदीय नवरात्र के दौरान पंचमी तिथि को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। घसिया समाज का एक मात्र परिवार नगाड़ा का कलेवर बदलता है तथा पंचमी तिथि को देवी स्वरूप में नए कलेवर में नगाड़ा की स्थापना की जाती है। मंदिर में नगाड़ा के स्थापना की विधि भी अनूठी है। जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य, जनजातीय समाज का बैगा एवं नीवन स्वरूप प्रदान करने वाला घसिया परिवार का नगादची सदस्य एक साथ पूजा-अर्चना कर देवी स्वरूप में नगाड़ा की स्थापना करते हैं। अन्य देवी मंदिरों में सप्तमी तिथि से देवी की विशेष आराधना होती है।

बेसरापाट में भी होती है देवी की पूजाः बेसरापाट पहाड़ी के पास भी मंदिर का निर्माण किया गया है। अजय चतुर्वेदी के अनुसार बड़की माई मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप माना जाता है तथा पंचमी को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। सरगुजा के इतिहासकार गोविंद शर्मा ने बताया सरगुजा प्रारंभ से ही शक्ति की उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है तथा यहां विभिन्न स्वरूपों में देवी महामाया की पूजा-अर्चना की परंपरा है।

नगाड़ा में है देवी का पिण्डः पंचमी तिथि को ही पूजा के दौरान साल में एक बार नगाड़ा को बजाया जाता है। शंकरगढ़ जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव बताते हैं कि क्षेत्रवासी नगाड़े को ही देवी का पिंड मानते हैं तथा श्रद्धापूर्वक सालभर पूजा-अर्चना करते हैं। बड़की माई सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की अराध्य देवी हैं।

बलौदाबाजार के गिरौधपुरी धाम में लगी भीषण आग

3 सिलेंडरों में भी हुआ ब्लास्ट, 16 दुकानें जलकर खाक, लाखों का नुकसान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले स्थित गिरौधपुरी धाम में शुक्रवार सुबह 7 बजे एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। संत गुरु घासीदास की तपोभूमि माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल के मंदिर परिसर के बाहर लगी झोपड़ीनुमा दुकानों में अचानक आग भड़क उठी, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आपको बता दें कि, आग लगने से 3 सिलेंडरों में ब्लास्ट भी हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 7 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि, देखते ही देखते मंदिर के बाहर स्थित करीब 16 अस्थायी दुकानें इसकी चपेट में आ गईं और पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। दुकानों में रखे सामान, खाद्य सामग्री, पूजन सामग्री और अन्य वस्तुएं भी आग में नष्ट हो गईं, जिससे दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि, इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद लगी आगः स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर परिसर के पास लगे एक ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद आग भड़की। बताया जा रहा है कि, किसी बंदर की हलचल के कारण तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी और तेजी से फैलती चली गई।

मिसाल बनेगा राजिम क्षेत्र का बासीन गांव

राजिम/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अक्षय ऊर्जा से सक्षम भारत' के संकल्प को साकार करते हुए राजिम विधानसभा के ग्राम बासीन को सोलर विलेज के रूप में चयनित किया गया है। अक्षय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की योजना के अंतर्गत बासीन को सौर ऊर्जा आधारित मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के नेतृत्व और सक्रिय पहल को दिया जा रहा है। बासीन अब सौर ऊर्जा से जगमगाने वाला आदर्श गांव बनेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पंचायत भवन, अस्पताल, आंगनबाड़ी, स्कूल एवं पानी टंकी पंप जैसे शासकीय संस्थानों के बिजली खर्च में भी कमी आएगी। ग्राम बासीन को सोलर विलेज घोषित किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि विधायक की सक्रियता के कारण ही इस केंद्रीय योजना का लाभ मिल सका है। अब बासीन आधुनिकता, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनेगा।

साड़ी में चोर, ताले पर वार और पुलिस बेअसर! गोबरा नवापारा में अपराधियों के हौसले बुलंद

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा क्षेत्र में चोरी अब वारदात नहीं, बल्कि रूटीन बनती जा रही है और पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। ताजा घटना ने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी, बल्कि यह भी दिखा दिया कि चोर अब पुलिस से पूरी तरह बेखौफहो चुके हैं।

पारागांव रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास सरस्वती मिल एंड एग्री हार्डवेयर दुकान को देर रात करीब 1 बजे निशाना बनाया गया। इस बार चोरों ने पहचान छुपाने के लिए नया और चौंकाने वाला तरीका अपनाया जिसमें एक युवक साड़ी पहनकर महिला के भेष में पहुंचा, जबकि उसके साथी स्कार्फसे चेहरा ढंके हुए थे।

सवालों के घेरे में पुलिस

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पूरी घटना कैमरे में कैद है, तो क्या इस बार भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहेगी?

शहर में पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं

ज्वेलरी शॉप में करीब 1 करोड़ की चोरी हुई। 2 महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। लगातार वारदातों के बावजूद एक भी बड़ा खुलासा नहीं हो पाया है। ऐसे में साफ है – अपराधियों के हौसले क्यों न बढ़ें?

जनता में गुस्सा, टूटता भरोसा

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन से शिकायत और बैठक कर चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला कार्रवाई नहीं।

लोग दहशत में हैं। व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है और पुलिस की कार्यशैली पर खुलेआम सवाल उठ रहे हैं।

लोगों ने कहा है कि क्या पुलिस सिर्फ कागजों में ही कार्रवाई करेगी? क्या सीसीटीवी सबूत भी अब बेकार हो गए हैं? या फिर चोरों को खुली छूट दे दी गई है?

सीसीटीवी में कैद चोरों का पूरा खेल

सीसीटीवी फुटेज में साफदेखा गया कि चोर करीब 3 फीट लंबे लोहे के रॉड से ताले पर लगातार वार कर रहे थे। जैसे ही सड़क पर किसी वाहन की आवाज आती, वे तुरंत छिप जाते और मौका मिलते ही फिर लौटकर ताला तोड़ने में जुट जाते। काफी मशक्कत के बाद ताला टूट गया, लेकिन शटर नहीं खुल पाया और चोर भाग निकले।

समर्पित नक्सलियों से संवादः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुनर्वास केंद्र दंतेवाड़ा में युवाओं से की मुलाकात

'प्रशिक्षण के बाद अपने गृह ग्राम लौटकर करेंगे खेती-किसानी'

दंतेवाड़ा (नवप्रदेश)। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गुरुवार को दंतेवाड़ा स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को इलेक्ट्रिकल टूल किट एवं वेलकम किट का वितरण किया। नवरात्रि के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दंतेवाड़ा पहुंचकर उन्होंने माँ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इसके पश्चात वे पुनर्वास केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वे अपने गृह ग्राम लौटकर खेती-किसानी करना चाहते हैं। इस पर श्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि इच्छुक युवाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

उपमुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुनर्वास नीति का उद्देश्य उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं से अपने अन्य साथियों को भी पुनर्वास के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर उज्ज्वल भविष्य बना सकें। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। युवाओं द्वारा स्वयं भोजन बनाने की इच्छा जताने पर उन्होंने अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि इच्छुक युवा स्वेच्छा से भोजन बना सकते हैं। श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पुनर्वासित युवाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाए तथा केंद्र से बाहर जाने से पूर्व उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाना भी सुनिश्चित किए जाएं। उपमुख्यमंत्री उनसे अपील की कि यदि उनके परिजन या पहचान के लोग जेल में निरुद्ध हैं तो वे उनसे मिल सकते हैं या वे पुनर्वास केंद्र में आकर साथियों से मुलाकात कर सकते हैं और यदि वे जेल से पुनर्वास करना चाहें तो भी शासन उनकी हर संभव मदद कर जेल से पुर्नवास कराने को तैयार है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में केंद्र में कुल 107 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 60 बीजापुर एवं 47 दंतेवाड़ा जिले के हैं। यहां इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सिलाई और ड्राइविंग जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com